शिक्षा का उत्थान

मिशन शिक्षण संवाद

शिक्षक का सम्मान

काव्यांजलि-दैनिक सृजन

दिनाँक-

दिन-

# काव्यांजलि दैनिक सृजन

## ( काव्यांजलि दैनिक प्रवाह )

# 01 से 100

शिक्षा का उत्थान, मिशन शिक्षण संवाद शिक्षक का सम्मान।



# Mission Shikshan Samvad

## काव्यांजलि - दैनिक प्रवाह

दिनांक- 07 अगस्त 2020 दिन- शुक्रवार

# प्यासी मैना

कक्षा- 4 विषय- हिन्दी

01

एक थी मैना, एक थी मैना,
नीम के पेड़ पे उसको रहना।
भरी दुपहरी प्यास लगी थी,
सूखा नल वो देख रही थी।




तोता बोला एक घड़ा है,
पानी उसमें भरा पड़ा है।
घड़ा जो देखा वह भी ख़ाली,
कबूतर के पास वो चली।

तोता, मैना और कबूतर,
गए लाल ईंटों वाले घर।
वहाँ भी सूख गया था पानी,
कुछ गौरैया बड़ी सयानी।

तीनों को ले साथ उड़ीं वे,
एक घर में पहुँच गईं वे।
एक कुण्डे में भरा था पानी,
तीनों ने फिर पिया था पानी।



रचना- हेमलता गुप्ता (स०अ०)
प्रा०वि० मुकंदपुर
लोधा, जनपद- अलीगढ़




# Mission Shikshan Samvad

## काव्यांजलि - दैनिक प्रवाह

दिनांक- 07-08-2020    स्मृति दिवस    दिन- शुक्रवार

## रवीन्द्रनाथ टैगोर

02



स्मृतियों में जो हैं अभी तक शेष,
नहीं भूलते ऐसे व्यक्ति विशेष।
विख्यात हुए गुरुदेव नाम से,
सम्मानित हुए नोबेल पुरस्कार से।।

रवीन्द्रनाथ टैगोर नाम है जिनका,
महान कवि, दार्शनिक थे वे युगद्रष्टा।
प्रकृति का सानिध्य उन्हें बहुत भाता,
शान्ति निकेतन के हैं वे निर्माता।।

जन-गण-मन राष्ट्रगान के हैं रचनाकार,
गीतान्जलि, वनवाणी है सृजन संसार।
1913 में मिला साहित्य का नोबेल पुरस्कार,
प्रकृति-प्रेमी और थे महान संगीतकार।।

मानवता को देते थे अधिक महत्व,
अद्भुत, अद्वितीय उनका था व्यक्तित्व।
7 अगस्त, 1941 को मिल गये पंचतत्व,
चिरनिद्रा में सो गये पाकर अमरत्व।।



रचना- प्रतिमा उमराव (स०अ०)
कम्पोजिट विद्यालय अमौली
अमौली, फतेहपुर



# Mission Shikshan Samvad

## काव्यांजलि - दैनिक प्रवाह

दिनांक- 07 अगस्त, 2020


## किसान गीत

दिन- शुक्रवार

03

खेतवा मा अपने सोनवा उगाइबै,
खेतवा मा...खेतवा मा..
और उगाइबै धान।
कि हम हैं भारत के किसान।।

यही धरती मा सोना निकरे,
यही धरती मा पानी।
यही लुटावै विपुल सम्पदा,
जम के करो किसानी।।
मिट्टी की सब जाँच कराओ,
अब न हो नुकसान।
कि हम हैं भारत के किसान....



नए-नए कृषि यंत्रों को,
भैया मेरे अजमाओ।
उन्नत बीज खाद हो देशी,
जैविक खेती अपनाओ।।
पैदावारी खूब होयगी,
कृषक बने धनवान।
कि हम हैं भारत के किसान....



शिक्षा का उत्थान, मिशन शिक्षण संवाद शिक्षक का सम्मान।

रचना- राज कुमार शर्मा (प्र०अ०)
यूपीएस चित्रवार, ब्लॉक- मऊ
जनपद- चित्रकूट



# Mission Shikshan Samvad

## काव्यांजलि - दैनिक प्रवाह

दिनांक- 07 अगस्त 2020 **अशफ़ाक उल्ला खान** दिन- शुक्रवार

04



स्वतन्त्रता संग्राम में जब गांधी जी ने,
अंग्रेजो भारत छोड़ो आन्दोलन चलाया।
तब अन्य सेनानियों के साथ-साथ इसमें,
अशफ़ाकउल्ला खान का नाम भी आया।।

22 अक्टूबर सन् 1900 को उ०प्र० में जन्मे थे,
ब्रिटिश सरकार के प्रति घृणा मन में लिये थे।
क्रान्तिकारी अशफ़ाक की बड़ी वीर कहानी थी,
उखाड़ फेंकने की हुकूमत को मन में ठानी थी।।

बिस्मिल से जो की दोस्ती, खूब निभाई थी,
काकोरी कांड कर अंग्रेजों की नींद उड़ाई थी।
अंग्रेजों ने तब उन पर विद्रोही अभियोग चलाया,
19 दिसम्बर सन 1927 को फाँसी पर लटकाया।।

होकर शहीद देश पर इतिहास एक बनाया,
देश को हिन्दू-मुस्लिम एकता का पाठ पढ़ाया ।
हिन्दी, उर्दू, अंग्रेजी में ये कविताएँ लेख लिखते थे,
पूरा नाम अशफ़ाक उल्ला खान हसरत लिखते थे।।

रचना- अरुण गौतम (स०अ०)
राजकीय प्रा० वि० गाडोवाली
बहादराबाद, हरिद्वार





# Mission Shikshan Samvad

## काव्यांजलि - दैनिक प्रवाह

दिनांक- 08 अगस्त 2020    **जीवन के रंग**    दिन- शनिवार

कक्षा- 5    05    विषय- हिन्दी



जिसको कहते थे सब सनकी,
उसकी सुनो तुम कहानी।
धरती को हरा-भरा बनाना है,
उसने अपने मन में ठानी।।



दूध बेचने के संग में,
हर जगह पेड़ लगाता था।
हर अवसर पर वह भेंट में,
एक पेड़ दे आता था।।

कुछ लोगों को यह बर्ताव,
रमइया का समझ में न आता था।
वह भी धुन का पक्का था,
बस पेड़ों के लाभ बताता था।।

पेड़ लगाओ सब दो-चार,
जिससे हो हर जगह बहार।
धीरे-धीरे सब यह समझे,
धरती पर हरियाली है उपहार।।



रचना- शहनाज़ बानो (स० अ०)
पू० मा० वि० भौंरी- 1
मानिकपुर, चित्रकूट



# Mission Shikshan Samvad

## काव्यांजलि - दैनिक प्रवाह

दिनांक- 08-08-2020 **स्मृति दिवस** दिन- शनिवार

**06**

## तेजस्विनी सावंत

प्रथम भारतीय महिला जिसने,
स्वर्ण पदक था जीता।
म्यूनिख में आयोजित हुई,
निशानेबाजी की प्रतियोगिता।।

जीत के स्वर्ण पदक किया,
अपने पिता को समर्पित।
दिया था साथ पिता ने ही,
जब पैसों की थी किल्लत।।



Tejaswini Sawant

पिता रविन्द्र सांसत थे,
जल सेना में अधिकारी।
माँ सुनीता राज्य स्तर की,
हैं एक बेहतर खिलाड़ी।।

तेजस्विनी का तेज गरीबी में,
तप करके निखरा है।
स्वर्ण पदक जीता, उसका,
यश भारत में बिखरा है।।



🙏 *रचना –*
श्रीमती पूनम गुप्ता (स०अ०)
प्रा० वि० धनीपुर
धनीपुर, अलीगढ़

शिक्षा का उत्थान, मिशन शिक्षण संवाद, शिक्षक का सम्मान।



# Mission Shikshan Samvad

## काव्यांजलि - दैनिक प्रवाह

दिनांक- **08 अगस्त 2020** | **लोकगीत ब्रजभाषा** | दिन- **शनिवार**

**07**

**बदरी धीरे-धीरे ही गरजियो,**
**बाबुल कूं मती डरईयो।**
**खुशहाली फुहारन बिच,**
**फसल नई उगईयो।।**



**बदरी उड़ बाबुल अँगना जईयो,**
**बरस-बरस कर कहियो।**
**कहियो कि हम हैं त्यारी,**
**बिटिया की अंखियाँ।।**



**संदेशो मेरों खलिहान में दईयो,**
**बाबुल की फसल सिंचईयो।**
**भर दईयो पोखर नदीयन,**
**पानी ही पानी।।**

**बदरी पवन संग उड़ मत जईयो,**
**प्यासे कूं नीर पिबईयो।**
**बरस कें धरती की तू,**
**तपन भगईयो।।**

**रचना- नैमिष शर्मा (स०अ०)**
**परि० संवि० (पू०मा०) विद्यालय, तेहरा**
**मथुरा, मथुरा**



Mission Shikshan Samvad

काव्यांजलि - दैनिक प्रवाह



दिनांक- 08/08/2020 महान व्यक्तित्व दिन- शनिवार

# गायिका- सिद्धेश्वरी देवी

08

## तर्ज - राधे-कृष्णा की ज्योति अलौकिक



आठ अगस्त उन्नीस सौ आठ में,
वाराणसी में जन्म लिया था।
रामदास गुरुवर ने ही तो,
सिद्धेश्वरी प्यारा नाम दिया था॥

पिता श्री श्याम, माता चन्दा ने,
बचपन में साथ छोड़ दिया था।
मौसी राजेश्वरी देवी ने इनका,
लालन पालन खूब किया था॥

भारतीय शास्त्रीय संगीत की,
प्रसिद्ध गायिका सिद्धेश्वरी थीं।
ठुमरी, दादरा, चैती, कजरी,
गायन में ये बहुत निपुण थीं॥

भारत सरकार द्वारा छियासठ में,
पद्मश्री से सम्मानित हुई थीं।
सत्रह मार्च उन्नीस सौ सतहत्तर,
अलविदा सबसे हो गई थीं॥

रचना
मन्जू शर्मा (स०अ०)
प्रा०वि० नगला जगराम
सादाबाद, हाथरस

शिक्षा का उत्थान, मिशन शिक्षण संवाद, शिक्षक का सम्मान।



Mission Shikshan Samvad
काव्यांजलि - दैनिक प्रवाह
दिनांक- 09 अगस्त 2020 दिन- रविवार

कक्षा-5

# गौरैया के साथी

विषय-हमारा परिवेश

9

माँ गौरैया खाना लेने निकली,
बच्चों को समझा कर बोली।
बाहर कहीं न जाना बच्चों,
दुनिया नहीं ये तुम सी भोली।।



दूर गई वो उड़ कर नभ में,
खाना खोजे सोचे ये मन में।
लड़की मिली एक रास्ते में,
खाती जो खाना धीमें-धीमें।।

बैठी उसके पास वो जाकर,
अपनी उसने व्यथा बताई।
रोटी तब लड़की ने पकड़ाई,
पर वो चोंच से उठा न पाई।।



आया फिर एक पास कबूतर,
मदद करी उसने चिड़िया की।
रोटी घोंसले तक पहुँचाई,
सबने मिल कर रोटी खाई।।





रचना- डॉ नीतू शुक्ला (प्र.अ.)
मॉडल प्राइमरी स्कूल बेथर 1
सिकंदरपुर कर्ण -उन्नाव

Mission Shikshan Samvad
मिशन शिक्षण संवाद

# काव्यांजलि - दैनिक प्रवाह

दिनांक- 09 अगस्त 2020

## विदेशियों की फैक्ट्रियां

दिन- रविवार

कक्षा - 8

विषय - सा० विषय

10

आने वाले व्यापारियों का,
तथ्य जानिए, सच जानिए।
बची हुई है जो बातें हैं वो,
सब जानिए, सब जानिए।।



पुर्तगाली के बाद अंग्रेज आए थे,
डच के बाद फ्रांसीसी आये थे।
मुगल दरबार सबसे पहले हाकिन्स गया,
उपहार से जहांगीर प्रसन्न हो गया।।



नील गन्ना पटसन अफीम और चाय,
यहाँ से ले जाकर वो बेचे ही जाए।
औद्योगिक क्रांति ब्रिटेन में हुई,
कच्चे माल की देखो जरुरत हुई।।

पहले ये हम से खरीदें कपास,
मशीनों से लेते ये कपड़े में ढाल।
वही कपड़े मिले हमें महंगे दाम,
देखो बन गए उनके यहाँ गोदाम।।



रचना
सुधांशु श्रीवास्तव (स०अ०)
प्रा० वि० मणिपुर
ऐरायां, फतेहपुर

शिक्षा का उत्थान
मिशन शिक्षण संवाद
शिक्षक का सम्मान



Mission Shikshan Samvad
काव्यांजलि - दैनिक प्रवाह

दिनांक- 09/08/2020 दिवस विशेष दिन- रविवार

# नागासाकी दिवस

11

द्वितीय विश्वयुद्ध जब खतम नहीं हुआ।
विश्व तीन हिस्सो में था तब बँटा हुआ॥
लाखों लोगों ने यहाँ बलिदान भी दिया।
युद्ध ने मानवता को शर्मसार कर दिया॥

हिरोशिमा और नागासाकी जापान के शहर।
दोनों शहरो पर अमेरिका ने ढाया कहर॥
नागासाकी में 'फैट मैन' नामक बम गिरा दिया।
इस शहर में लाखों का जीवन तबाह हुआ॥



9 अगस्त 1945 को 11 बजकर 01 मिनट पर।
6.4 किलो. का प्लूटोनियम बम गिराया जमीं पर॥
1,540 फीट की ऊँचाई पर परमाणु बम फटा।
जापान में यह हादसा दूसरी बार था घटा॥

एक लाख चालीस हजार यहाँ लोग मारे गए।
किसी के भाई बहन किसी के माँ बाप गए॥
हाहाकार मचा हुआ चारो तरफ भयंकर।
छः अगस्त को भी बम गिराया हिरोशिमा पर॥

रचना
मन्जू शर्मा (स०अ०)
प्रा०वि० नगला जगराम
सादाबाद, हाथरस





# Mission Shikshan Samvad

## काव्यांजलि - दैनिक प्रवाह

दिनांक- 09 अगस्त 2020　**त्रिलोकीनाथ चक्रवर्ती**　दिन- रविवार

12

त्रिलोकीनाथ चक्रवर्ती थे स्वतंत्रता सेनानी व राजनीतिज्ञ,
भारत की स्वतंत्रता के लिए किए उन्होने अनेक युद्ध।
अस्सी वर्ष के जीवनकाल में से तीस वर्ष जेल में बिताए,
और अपने महान कर्मों से एक राजनीतिज्ञ कहलाए॥

2 अगस्त 1889 माइमेंसिंग बांग्लादेश में जन्मे थे,
9 अगस्त 1970 को अपने प्राण इन्होंने तजे थे।
7 वर्ष की उम्र में ही स्वतंत्रता संग्राम में भाग लिया,
और ढाका अनुशीलन समिति का नेतृत्व किया॥

शिक्षा पूर्ण ना कर सके पर 4 भाषाओं के ज्ञाता थे,
और अपने कर्मों से सारे जग को विस्मित करते थे।
आज सारा जग उनका शुक्रिया अदा करेगा,
और उनकी पुण्यतिथि पर माल्यार्पण करेगा॥





गरिमा वार्ष्णेय (स०अ०)
प्रा० वि० कलवारी
हाथरस, हाथरस।



# Mission Shikshan Samvad

## काव्यांजलि - दैनिक प्रवाह

दिनांक- 9 अगस्त 2020 | दिन- रविवार

## कजरी



हरे रामा देखा ई रुत मस्तानी,
सवनवाँ आइल रे हरी।
हरे रामा घेरे बा कारी बदरिया,
सवनवाँ आइल रे हरी।

रामा देखा धरती पे हरियाली छाइल,
सबही के मनवाँ उमंग बा आइल।
खुशी-खुशी ले ला प्रकृति अंगड़ाई,
घरवा में बनेला गुझिया, मलाई।
हरे रामा बरसेला टिप-टिप पनियाँ,
सवनवाँ आइल रे हरी।

रामा चारों ओरी देखा धूम मचल बा,
नीमिया के डरिया पे झूला पड़ल बा।
सावन हौ प्यारा ई सबके लगत बा,
हर्षित हो वन में कोयलिया बोलत बा।
हरे रामा गावे सब सावनी कजरिया,
सवनवाँ आइल रे हरी।

रामा ई त्योहार क महिनवाँ बा सावन,
बनल बा एही से लोक लुभावन।
आस औ विश्वास क परंपरा लिए बा,
सुमधुर समीरवा बहावेला सावन।
हरे रामा मनवाँ गइल मुसकाइल,
सवनवाँ आइल रे हरी।

13

रचना
अरविंद कुमार सिंह (स०अ०)
प्रा०वि० धवकलगंज
बड़ागाँव, वाराणसी





# Mission Shikshan Samvad

## काव्यांजलि - दैनिक प्रवाह

दिनांक- 9 अगस्त 2020

# मेरा देश

दिन- रविवार

भेज देओ सबको संदेस...
मेरे मितवा।
चमकैगो जग में, मेरो देस...
मेरे मितवा।।

14



जल, थल, नभ सेना भई ताकतवर,
कोई ना पार उससे पा सके।
सब सुख मिल जाएंगे अपने ही घर में,
सुन लै, जो बस गए विदेस...
मेरे मितवा।

चमकैगो जग में, मेरो देस...
मेरे मितवा।।



कौनू दुश्मन अब पाँव ना धर सके,
धरती पै हिंदुस्तान की।
सोन चिरैया फिर से देस ये बनेगौ,
साधुन नै दये उपदेस...
मेरे मितवा।
चमकैगो जग में मेरो देस...
मेरे मितवा।।

भेज देओ सबको संदेस..
मेरे मितवा।
चमकैगो जग में मेरो देस...
मेरे मितवा।।

रचना
पूनम गुप्ता (स० अ०)
प्रा० वि० धनीपुर
धनीपुर, जनपद अलीगढ़





# Mission Shikshan Samvad

## काव्यांजलि - दैनिक प्रवाह

दिनांक- 09 अगस्त 2020 **छत्रपति शिवाजी** दिन- रविवार

तर्ज- जिंदगी एक सफर है सुहाना।।

माता ने पूजी थी देवी माँ शिवाई,
शाहूजी पिता थे माता जीजाबाई।
शिवाई देवी की कृपा से जन्म पाया,
माता-पिता खुश घर बाजी बधाई।।





शिवाजी नाम रख माता ने, संस्कार दिए,
रामायण, महाभारत, शूरवीर बचपन से सुने।
दादा कोणदेव ने सिखाई घुड़सवारी,
दुर्ग जीते शस्त्रों की शिक्षा ली सारी।।


अनेकों मुगल दुर्गों पर अधिकार किया,
औरंगजेब घबड़ाया, जयसिंह ने धोखा दिया।
किया अपमान सभा में बंदी हुए दुःख भारी,
बीमार बने की बाहर आने की तैयारी।।

15

रायगढ़ लौट मुगल दुर्गों को जीतना शुरु किया,
सभी धर्मों, मुस्लिम महिलाओं को सम्मान दिया।
1674 में शिवाजी का राज्याभिषेक हुआ।
अहंकारी, कट्टर मुगल शासकों का विरोध किया।।



रचना- नैमिष शर्मा (स० अ०)
परि० संवि० (पू० मा०) विद्यालय, तेहरा
मथुरा, मथुरा



# Mission Shikshan Samvad

## काव्यांजलि - दैनिक प्रवाह

दिनांक- 9 अगस्त 2020 | दिन- रविवार

## महात्मा गाँधी



भारत के इतिहास में,
व्यक्तित्व बहुत महान है।
बापू सबके कहलाए,
मोहनदास करमचंद गाँधी नाम है।।

बुरा ना देखो, ना सुनो, ना कहो,
यह पाठ हमें सिखलाया था।
अच्छी बातों का ज्ञान दिया,
ईमानदारी का पाठ पढ़ाया था।।

16

सत्याग्रह, अंग्रेजो भारत छोड़ो,
का आंदोलन चलाया था।
करो या मरो का नारा दिया,
अहिंसा का मार्ग दिखाया था।।

बिना हथियार लड़कर के,
अंग्रेजों का भारत से किया गमन।
ऐसे सरल स्वभावी बापू,
तुम को मेरा शत-शत नमन।।



शिक्षा का उत्थान, मिशन शिक्षण संवाद, शिक्षक का सम्मान।

रचना
हेमलता गुप्ता (स०अ०)
प्रा०वि० मुकन्दपुर
लोधा,अलीगढ़



# Mission Shikshan Samvad

## काव्यांजलि - दैनिक प्रवाह

दिनांक- 09अगस्त2020

# यातायात के नियम

दिन- रविवार

17

तर्ज़ - बाबू जी धीरे चलना

बाबू जी धीरे चलना,
राह में जरा सम्भलना।
हाँ, बड़े खतरे हैं,
बड़े खतरे हैं, इस राह में।।




चलने से पहले देखो दाएँ-बाएँ,
दाएँ-बाएँ देख कर ही कदम बढ़ाएँ।
जान लो चलने के जो नियम हैं,
आते-जाते नियमों को अपनाएँ।

ये सड़क है वो भोले-भाले,
कर न खुद को मौत के हवाले।
जिन्दगी ये नाजुक बहुत है,
सीट बेल्ट और हेलमेट लगा ले।।

नियमों का न करना उल्लंघन,
ट्रैफिक सिग्नल देख करना पालन।
जेब्रा क्रॉसिंग से चलना आसान है,
कर ले धीमी रफ्तार ओ प्यारे।।
हाँ बड़े खतरे हैं, बड़े खतरे हैं, इस राह में।।

रचना - रूखसाना बानो (स० अ०)
कम्पोजिट विद्यालय अहरौरा
जमालपुर, मिर्जापुर





# Mission Shikshan Samvad

## काव्यांजलि - दैनिक प्रवाह

मिशन शिक्षण संवाद

दिनांक- 09 अगस्त 2020 **भारत छोड़ो आन्दोलन** दिन- शनिवार

18




**भारत छोड़ो आन्दोलन को,**
**अगस्त क्रान्ति के नाम से जाना जाता।**
**यह आन्दोलन स्वतन्त्रता के लिए,**
**सबसे बड़ा आन्दोलन माना जाता।।**

**इस आन्दोलन में सभी भारतवासी,**
**एक साथ शामिल हुए।**
**स्वतन्त्रता प्राप्ति के लिए,**
**जगह-जगह आन्दोलन किए।।**



**क्रिप्स मिशन की विफलता के बाद,**
**यह आन्दोलन शुरू किया गया।**
**कोठारी काण्ड के ठीक 17 साल बाद,**
**9 अगस्त 1942 को पुनः शुरू किया गया।।**



रचना- शहनाज़ बानो (स०अ०)
पू० मा० वि० भौंरी-1
मानिकपुर, चित्रकूट

शिक्षा का उत्थान, मिशन शिक्षण संवाद, शिक्षक का सम्मान

Mission Shikshan Samvad

काव्यांजलि - दैनिक प्रवाह

दिनांक- 09.08.2020 दिन- रविवार

# रूक ज़रा ठहर ओ मानव

रूक ज़रा ठहर ओ मानव,
किस ओर बढ़ा तू जाता है॥
मत कर प्रकृति का संहार,
तू तो भविष्य का निर्माता है॥



एटमी हथियारों की ये कैसी होड़,
क्यूँ न वसुधैव कुटुम्बकम अपनाता है।
विनाश के इस पथ पर,
तू क्यों बढ़ता जाता है॥



रूक पलट ज़रा इतिहास देख,
परमाणु युद्ध विनाश को लाता है।
मत कर विज्ञान का अनुचित प्रयोग,
अनुचित प्रयोग संकट का जन्मदाता है॥

19

अपना विज्ञान का वरदान रूप,
यह प्रगति पथ पर ले जाता है।
कर विज्ञान का शांतिप्रिय प्रयोग,
विज्ञान तो उज्जवल राह दिखाता है॥



रचना- फहरीन नजमी (स0 अ0)
पू0 मा0 वि0 हरगढ़,
ब्लाक- छानबे, जनपद- मिर्जापुर



# Mission Shikshan Samvad

## काव्यांजलि - दैनिक प्रवाह

दिनांक- 10.08.2020 **भारतीय मुद्रा 1 से 100 ₹** दिन- सोमवार

विषय- गणित कक्षा- 3,4,5

दस-दस के 10 नोट मिलकर,
100 रु0 बन जाते हैं।
नोट बीस के 5 हों,
तो भी 100 कहलाते हैं।
मिलें पचास के 2 नोट,
तो भी 100 हम पाते हैं।।





पाँच-पाँच के सिक्के 20 हों,
तब भी 100 हो जाएंगे।
दो-दो के 50 सिक्के,
मिलकर 100 बनाएंगे।
100 का नोट बनाने को,
एक-एक के 100 सिक्के ही चाहेंगे।।

रचना
जितेन्द्र कुमार (स0अ0)
प्रा0 वि0 धनौरा, सिल्वर नगर-01
विकास क्षेत्र व जनपद- बागपत



Mission Shikshan Samvad
काव्यांजलि - दैनिक प्रवाह
दिनांक- 10/08/2020    पाठ्यक्रम    दिन- सोमवार

कक्षा- 3    **साहसी सीमा**    विषय- हमारा परिवेश

रात का समय भयंकर था,
गाँव में सीमा का घर था।
सीमा के संग उसका भाई,
और उस घर में कोई न था।।

भागो, बचाओ आवाज आई,
गाँव में भारी बाढ़ थी आई।
सीमा ने हिम्मत दिखलाई,
उसने तुरंत जगाया भाई।।

पानी कमरों में लगा बढ़ने,
लगे थे दोनों सामान रखने।
कहा भाई से छत पर चढ़ने,
सारी रात दी हिम्मत उसने।।

रहीम चाचा को आवाज लगाई,
सीमा मदद के लिए चिल्लाई।
नाव और मोटरबोट तब आई,
जान बची और खुशी मनाई।।





21

रचना
मन्जू शर्मा (स०अ०)
प्रा०वि० नगला जगराम
सादाबाद, हाथरस



आओ हाथ से हाथ मिलाएं  आपका दिन शुभ हो..  बेसिक शिक्षा का मान बढ़ाएं



# Mission Shikshan Samvad

## काव्यांजलि - दैनिक प्रवाह

दिनांक- 10अगस्त 2020  दिन- सोमवार

## स्पाइडर- मैन की पहली कॉमिक्स



कॉमिक्स जगत का प्यारा दुलारा,
बच्चे हैं जिस के फैन।
ऐसा चहेता आभासी चरित्र,
नाम है स्पाइडर-मैन।।

10 अगस्त को पहली बार,
कॉमिक बुक में आया।
बच्चे तो बच्चे बड़ों के भी,
मन को बहुत ही भाया।।


इस कार्टून चरित्र का जलवा,
फैल रहा दुनियाभर।।
कॉमिक्सों के बाद में आया,
यह फिल्मी पर्दे पर।।

22

बच्चे तो बच्चे बड़ों को भी,
इसकी कार्टून भाती।
इसीलिए 10 अगस्त की,
तारीख़ हमें याद है आती।।




रचना- हेमलता गुप्ता (स०अ०)
प्रा०वि० मुकन्दपुर
लोधा,अलीगढ़



# Mission Shikshan Samvad

## काव्यांजलि - दैनिक प्रवाह

दिनांक- 10/8/2020 **वराहगिरी वेंकट गिरी** दिन- सोमवार

23

गौरव बढ़ा देश भारत का,
जन्म हुआ जब वी० वी० गिरि का।
दिन था वह 10 अगस्त 1894 का,
स्थान था ब्रह्मपुर,गंजाम जिला उड़ीसा का।।



श्री जोगिहपन्तुलु था नाम पिता का,
ब्रह्मपुर से ज्ञान लिया पहली कक्षा का।
डबलिन में अध्ययन किया कानून का,
गठन किया रेलवे मजदूर यूनियन का।।

भारत छोड़ो आन्दोलन में भाग लिया,
स्वतन्त्रता के लिए कठिन संघर्ष किया।
फिर आजादी को हासिल किया,
केरल-मैसूर में राज्यपाल पद लिया।।

1976 में भारत के चौथे राष्ट्रपति बने,
महान वक्ता और विपुल लेखक बने।
1975 में भारत रत्न से सम्मानित हुए,
महान विभूति को पाकर हम धन्य हुए।।



शिक्षा का उत्थान, मिशन शिक्षण संवाद, शिक्षक का सम्मान।

रचनाकार
प्रतिमा उमराव स०अ०
कम्पोजिट विद्यालय अमौली
अमौली, फतेहपुर



# Mission Shikshan Samvad

## काव्यांजलि - दैनिक प्रवाह

दिनांक- 10अगस्त2020 **वीर सावरकर** दिन- सोमवार

24



बन कर पसीना ख़ून जिसका,
क्रान्ति की लौ में बह गया।
देश की अस्मत की खातिर,
जुल्म अनगिनत सह गया।

देश भक्ति की सजा थी,
काला पानी क्या चीज थी।
कोल्हू में जोतने वाला,
काला साम्राज्य ही ढह गया।।

तेरह वर्षों की कोठरी ने,
जिसके इरादों को दी उड़ान।
वो वीर सावरकर आज भी,
इतिहास के पन्नों में खो गया।।

भारत भूमि के उन तमाम,
क्रान्तिकारियों को नमन।
जिनकी बदौलत मुल्क का,
वजूद जिंदा रह गया।।

रचना - प्रेम प्रकाश जोशी
स0अ0
रा0उ0प्रा0वि0सुजड गांव
प्रताप नगर(टिहरी गढ़वाल)

शिक्षा का उत्थान, मिशन शिक्षण संवाद, शिक्षक का सम्मान।



आओ हाथ से हाथ मिलाएं | आपका दिन शुभ हो.. | बेसिक शिक्षा का मान बढ़ाएं




# Mission Shikshan Samvad

## काव्यांजलि - दैनिक प्रवाह

दिनांक- 10अगस्त 2020

## वराह गिरि वैंकट गिरि

दिन- सोमवार




जन्म दिवस पर,
सादर नमन है तुम्हें।
हम सब करते हैं,
मन से स्मरण तुम्हें।।

राजेंद्र प्रसाद सर्वपल्ली,
जाकिर ने जो पथ अपनाया।
उसी मार्ग पर चलकर,
तुमने भारत शोधन बनाया।।

आजीवन मजदूरों के,
हित में तुमने संघर्ष किया।
बचपन से ही राजनीति में,
गाँधी का आदर्श लिया।।



25

ट्रेड यूनियन नेता तुम,
जन जन के हितकारी।
युगों-युगों तक लोग रहेंगे,
श्रीमन् के आभारी।।

शिक्षा का उत्थान, मिशन शिक्षण संवाद, शिक्षक का सम्मान।

रचना-
प्रवीणा दीक्षित
KGBV, कासगंज

काव्यांजलि टीम किसी भी सुझाव या शिकायत के लिए व्हाटसएप करें- 9458278429 मिशन शिक्षण संवाद



# Mission Shikshan Samvad

## काव्यांजलि - दैनिक प्रवाह

दिनांक- 10 अगस्त 2020 दिन- सोमवार

# स्वामी विवेकानंद

26



जन्मा था जो, कलकत्ता में,
नाम नरेंद्र मिला जिनको,
भारत माँ के वीर पुरुष वो,
कोटि प्रणाम करें उनको ।

भाई-बहन के संबोधन से,
सारे जगत को हिला दिया,
सोई दुनिया जगा के जिसने,
भक्ति योग का सूत्र दिया।


वह युवा संन्यासी जिसके,
दिव्यतेज मुख पर था चढ़ा,
विश्व गुरु बन गया देश ये,
भारत का सम्मान बढ़ा।

भारत की संस्कृति का झंडा,
जिसने जग में फहराया,
सोच बदल दी हर युवा की,
जो था तम से भरमाया।

जागो उठो, करो कर्म तुम,
लक्ष्य प्राप्ति तक नहीं रुको,
ऐसे श्री विवेकानंद जी,
याद करें, हम सब उनको।



रचना-
पूनम गुप्ता (स०अ०)
प्रा० वि० धनीपुर
धनीपुर, अलीगढ़



# Mission Shikshan Samvad

## काव्यांजलि - दैनिक प्रवाह

दिनांक- 10 अगस्त 2020

# मदर टेरेसा

दिन- सोमवार

27



घर में सबसे छोटी थी,
एग्नेस नाम से जानी जाती।
अब मदर टेरेसा के नाम से,
सम्पूर्ण विश्व में पहचानी जाती।।

दीन दुखियों की सेवा करती,
मन में एक विश्वास लिए।
इस सेवा के भाव से,
इन्होंने अनोखे काम किये।।

विभिन्न संस्था संचालित की,
अपाहिज, अनाथों को घर दिया।
वृद्ध, बीमारों की सेवा कर,
खुशियों से जीवन भर दिया।।

भारत, इंग्लैण्ड, अमेरिका ने,
विभिन्न पुरस्कार इन्हे दिये।
मानवता की सेवा करते-करते,
इन्होने प्राण त्याग दिए।।



रचना- शहनाज़ बानो (स०अ०)
पू० मा० वि० भौंरी- 1
मानिकपुर, चित्रकूट



# Mission Shikshan Samvad

## काव्यांजलि - दैनिक प्रवाह

दिनांक- 10 अगस्त, 2020  दिन- सोमवार

## कन्या भ्रूणहत्या

**28**

### तर्ज़- तूने ओ रंगीले कैसा जादू किया..



बेटी को तो भ्रूण में ही मार दिया।
बेटा-बेटा बोले है सबका जिया।।
कैसे चलेगा जग ये भला...
ओ रे पिया, ओ...बेटी को...



जाँच कराके गर्भ गिराके,
मार दिया नाजुक बिटिया।
बेटी न होगी बहू भी न होगी,
कैसे बढ़ेगी ये दुनिया।
ये होती खुशियों की बगिया..
ओ रे पिया..बेटी..

दिल है जो बेटा, बेटी है धड़कन।
दोनों ही जिगर के टुकड़े।।
बेटी बिन सूना घर-आँगन सब।
दोनों ही जरुरी आँगन में।।
सौभाग्य से आती है बिटिया..
ओ रे पिया हो.. बेटी...





शिक्षा का उत्थान, मिशन शिक्षण संवाद, शिक्षक का सम्मान।

रचना-
पुष्पा पटेल (प्र०अ०)
प्रा०वि०संग्रामपुर
ब्लॉक व जनपद- चित्रकूट

Mission Shikshan Samvad

काव्यांजलि - दैनिक प्रवाह

मिशन शिक्षण संवाद

दिनांक- 10/08/2020 महान व्यक्तित्व दिन- सोमवार

# नचिकेता



ऋषि बाजश्रवा के थे,
नचिकेता पुत्र महान।
बाजश्रवा ने विश्वजीत यज्ञ,
कर संपत्ति कर दी दान।।
यमराज के पास चल दिए,
पिता की आज्ञा मान।
यमराज ने खुश होकर,
दिए उन्हें तीन वरदान।।

देना चाहते हो मुझे,
प्रभु तुम वरदान।
पिता का क्रोध शांत हो,
और ले मुझको पहचान।।
स्वर्ग मिले किस रीति से,
मुझको दो यह ज्ञान।
मानव के सुख के लिए,
मांगू यह वरदान।।

मन, वचन और कर्म से,
जिसने न की किसी की हानि।
वही इस भवसागर से,
तर गए पुत्र महान।।
पित्र-भक्ति दृढ़ता के बल पर,
बालक चतुर सुजान।
ज्ञान पाकर यमराज से,
नचिकेता हो गए महान।।

29

रचना
पतिराम सिंह (इं०प्र०अ०)
पूर्व मा०वि० रतनगढ़ी
हाथरस, हाथरस





# Mission Shikshan Samvad

## काव्यांजलि - दैनिक प्रवाह

दिनांक- **11 अगस्त 2020**    दिन- **मंगलवार**

कक्षा-3    विषय -हमारा परिवेश

### पाठ 3
### हमारा भोजन



भोजन देता ढेर सी ऊर्जा ,
ताकत देता हमको ज्यादा ।
खाओ चबा-चबा कर भोजन,
निगलो न तुम ज्यादा-ज्यादा।।

ताजा भोजन स्वास्थ्य बढ़ाए,
बासी से नुकसान हो जाए ।
रखें सदा ढककर हम भोजन,
खुला भोजन दूषित हो जाए ।।

30



फल-सब्जी को धोना न भूलो,
हाथ को भी अच्छे से धो लो।
साफ-सफाई के नियम न भूलो,
शरीर अपना स्वस्थ तुम कर लो।।

कटे बिकते फल मत खाओ,
घर पर लाकर स्वच्छ बनाओ।
संग मिल सभी मजे से खाओ,
बीमारी को दूर भगाओ।।



रचना- डॉ नीतू शुक्ला (प्र०अ०)
मॉडल प्राइमरी स्कूल बेथर 1
सिकंदरपुर कर्ण-उन्नाव



# Mission Shikshan Samvad


## काव्यांजलि - दैनिक प्रवाह

दिनांक- 11/08/2020 | दिन- मंगलवार

# बंदर बाँट

विषय–हिन्दी पाठ–10 कक्षा–३

एक भूरी, एक काली, बिल्ली,
चलीं घूमने दोनों बिल्ली।
चलते-चलते भूख लगी,
रोटी की खुशबू लगी।।




दोनों झपटी रोटी पर,
लगी झगड़ने रोटी पर।
तभी वहाँ एक बंदर आया।
सोच-विचार दिमाग लगाया।।

उसने धर्मकांटा मंगवाया,
रोटी का था बाँट कराया।
दोनों में आधी-आधी धराई,
जो भारी, उसी की खाई।।




31



देखा जो, दोनों घबराई,
बात उन्हें अब समझ में आई।
किया फैसला, न लड़ने का,
दोनों गले मिल मुस्कुराई।।



रचना– रेशू जैन (प्र. अ.)
प्रा. वि. शाहजहांपुर (अंग्रेजी माध्यम)
ब्लॉक–बरनाहल
जनपद–मैनपुरी




# Mission Shikshan Samvad

## काव्यांजलि - दैनिक प्रवाह

दिनांक- 11अगस्त 2020 | दिन- मंगलवार

### दिवस विशेष
### खुदीराम बोस को फाँसी




11 अगस्त 1908 को,
भूलेंगे नहीं हम जीवन भर।
छोटी सी उम्र में झूल गए,
फाँसी के वो फंदे पर।।

नाम था उनका खुदीराम बोस,
जन्म हुआ बंगाल में।।
आजादी का नशा चढ़ा था,
भारत के इस लाल में।।

उम्र थी मात्र साल 18,
जज़्बा वो दिखलाया था।
गीता को लेकर हाथ में,
फांसी को गले लगाया था।।



32

उनके नाम की धोती बनाई,
शहादत के सम्मान में।
कवियों ने कविता कर डाली,
उनकी आन और बान में।।

रचना- हेमलता गुप्ता (स०अ०)
प्रा०वि० मुकन्दपुर
लोधा,अलीगढ़

# Mission Shikshan Samvad

## काव्यांजलि - दैनिक प्रवाह

दिनांक- 11 अगस्त 2020 **जन्माष्टमी उत्सव** दिन- मंगलवार

तर्ज- सुबह सवेरे लेकर तेरा नाम प्रभु..

33

जन्म लिया कृष्णा ने, मथुरा धाम प्रभु।
ब्रजमण्डल हुआ धन्य, हुए शुभ काम शुरु।।



1- लीला पुरुषोत्तम ने, लीलाएं कीन्हीं,
कंस के आतंकों से मुक्ति दे दीन्हीं।
मार राक्षसों को, राजगद्दी छीनी,
खुशी हुआ ब्रजमण्डल, नित अविराम प्रभु।।




2- भक्तों हित जन्मे, मानवधर्म सिखलाया,
धर्म स्थापना की, अर्जुन का मोह छुटाया।
समय रोक कुरुक्षेत्र में, गीता-ज्ञान सुनाया,
जन्म-मृत्यु निश्चित है सभी, नश्वर है प्रभु।।

3- भारतवासी कृत्य हुए, नित भक्ति की,
धर्म अनुयाईयों को, कृष्ण ने शक्ति दी।
योगी, तपस्वियों, भक्तों को, मुक्ति दी,
विश्व ने माना कृष्ण को, योगीराज प्रभु।।



रचना- नैमिष शर्मा (स०अ०)
परि० संवि० (पू० मा०) वि०, तेहरा
मथुरा, मथुरा



# Mission Shikshan Samvad

## काव्यांजलि - दैनिक प्रवाह

दिनांक- 12/08/2020 **जन्माष्टमी** दिन-बुधवार

34



नन्दलाल का जन्म-दिवस आया,
चारों और नयी खुशियाँ लाया,
बच्चों का मन बहुत हरषाया,
जय कन्हैया लाल का उद्घोष लगाया।



माखन-मलाई सब ने खूब खाई,
बहुत सारी मिठाई भी हमने बनाई,
मिश्री का माँ ने प्रसाद चढ़ाया,
नन्दलाल का जन्म दिवस आया।

जब बढ़ी थी मथुरा में बुराई,
लोगों की जान थी आफत में आई,
कान्हा ने आकर सब का हौसला बढ़ाया,
नन्दलाल का जन्म दिवस आया।






कंस का अत्याचार बढ़ा था मथुरा में,
राक्षसों का साम्राज्य था चारों दिशा में,
कृष्ण ने मुरली का मधुर गान सुनाया,
नन्दलाल का जन्म दिवस आया।

रचना-

प्रीति चौधरी (स० अ०)
उ० प्रा० वि० सुनपेड़ा
सिकंद्राबाद, बुलंदशहर

शिक्षा का उत्थान, मिशन शिक्षण संवाद, शिक्षक का सम्मान।





# Mission Shikshan Samvad

## काव्यांजलि - दैनिक प्रवाह

दिनांक- 11 अगस्त 2020   दिन- मंगलवार

# गार्गी

35

नारी दुर्गा नारी काली,
नारी में ही शक्ति सारी।
गर्ग गोत्र में जन्म लिया,
वह विदुषी गार्गी थी नारी।।



अपने ज्ञान से इस नारी ने,
विद्वानों को धूल चटाई थी।
राजा जनक की राज्य सभा में,
सबकी बोलती बन्द कराई थी।।



अपने ज्ञान की गार्गी ने,
कभी न की थी कोई बड़ाई।
अपनी उदारता के कारण ही,
यह नारी महान कहलाई।।

त्याग, तपस्या और बलिदान,
चाहे हो कोई ज्ञान-विज्ञान।
नारी सबमें आगे आती,
इतना रखें हम सब ध्यान।।



रचना- शहनाज़ बानो (स० अ०)
पू० मा० वि० भौंरी- 1
मानिकपुर, चित्रकूट



# Mission Shikshan Samvad

## काव्यांजलि - दैनिक प्रवाह

दिनांक- 11 अगस्त 2020 **सरस्वती वन्दना** दिन- मंगलवार

### तर्ज- ओ साहिबा ओ साहिबा मिलेंगे तुमको तो बताएंगे।

माँ शारदे माँ शारदे, माँ शारदे माँ शारदे।
तुम्हारी महिमा हम गाएंगे, तू देदे ज्ञान माँ हमें।।



हाथों में वीणा है, कमल विराजी हो।
मईया तुम सबके, दिल में साजी हो।।
माँ शारदे........

तेरी दया मईया, जिस पर हो जाए।
गूँगा भी फिर तो, पंचम सुर में गाए।।
माँ शारदे........

मेरी नजर में माँ, तासीर वो हो जाए।
जिधर भी देखूँ मैं, मुझे तू ही नजर आए।।
माँ शारदे.......

श्रद्धा सुमन तुमको, हम अर्पित करते हैं।
चरणों मे तेरे, वन्दन हम करते हैं।।
माँ शारदे......

36

रचना
जितेन्द्र कुमार (स० अ०)
प्रा० वि० धनौरा सिल्वर नगर-1
वि० क्षे० व जनपद- बागपत





Mission Shikshan Samvad

काव्यांजलि - दैनिक प्रवाह

दिनांक- 12 अगस्त 2020 दिन- बुधवार

# तरह-तरह के परिवार

विषय- हमारा परिवेश

कक्षा- 4



दादा-दादी मात-पिता संग,
ताऊ-ताई भी जो रहें।
चाचा-चाची और बच्चों से,
मिलकर संयुक्त परिवार बने।।

एकाकी परिवार में होते,
केवल मात-पिता और बच्चे।
एक दूजे का रखते ध्यान,
एक दूजे को लगते अच्छे।।

संयुक्त परिवार में लोगों की,
संख्या होती है ज्यादा।
आपस मे प्रेम से मिलके,
रहने का इनका वादा।।




एकाकी परिवार में भैया,
कम लोग ही होते हैं।
एक दूजे के सुख-दुःख में,
सब मिलकर हँसते-रोते हैं।।

37



रचना
जितेन्द्र कुमार (स0 अ0)
प्रा0 वि0 धनौरा सिल्वर नगर-1
वि0 क्षे0 व जनपद- बागपत



# Mission Shikshan Samvad

## काव्यांजलि - दैनिक प्रवाह

दिनांक- 12अगस्त,2020 **बात भोजन की** दिन- बुधवार

**38**

### पोषण विहीन भोजन



चिप्स-कुरकुरे-चाउमीन,
करेंगे तुमको शक्तिहीन।
अच्छे तुमको लगें अगर,
पोषक तत्व नहीं मगर।।

कोल्ड ड्रिंक भी खूब लुभाये,
पर लाला जैसा पेट बढ़ाए।
हड्डियाँ होंगी मज़बूत,
रोज़ यदि तुम पियोगे दूध।।

हरी सब्जियाँ रेशेदार,
नहीं पड़ोगे कभी बीमार।।
दालों से मिलता प्रोटीन,
फलों में होते विटामिन।।

### पोषण युक्त भोजन




अच्छा खाना वही है बस,
जिसमे होते पोषक तत्व।
रोज़ करो सन्तुलित आहार,
स्वास्थ्य की जीत रोगों की हार।।

रचना- शिखा मिश्रा (स.शि.)
उ.प्रा.वि.नयाखेड़ा
ब्लॉक- सि.सरोसी
जनपद- उन्नाव



आओ हाथ से हाथ मिलाएं आपका दिन शुभ हो.. बेसिक शिक्षा का मान बढ़ाएं



# Mission Shikshan Samvad

## काव्यांजलि - दैनिक प्रवाह

दिनांक- 12अगस्त 2020 दिन- बुद्धवार

## विश्व हाथी दिवस

39

हाथी हमारा प्यारा प्यारा,
लगता देखो बहुत ही न्यारा।
खड़े-खड़े यह सो जाता है,
हमें सवारी करवाता है।।




कान इसके जैसे कूलर,
आँखें होती हैं कमजोर।
120 किलो भोजन है प्रतिदिन।
चिंघाड़ कर मचाए शोर।।

दाँत इसके सफेद सोना,
बहुत बड़ा इनका आकार।
इनको बेचने की खातिर,
स्वार्थी लोग करें शिकार।।



जागरूक बनो, रक्षा करो,
और करो इनका सम्मान।
इसीलिए 12 अगस्त को,
विश्व हाथी दिवस दिया है नाम।।

रचना- हेमलता गुप्ता (स०अ०)
प्रा०वि० मुकन्दपुर
लोधा, अलीगढ़



# Mission Shikshan Samvad

## काव्यांजलि - दैनिक प्रवाह

मिशन शिक्षण संवाद

दिनांक- 12 अगस्त 2020 **अन्तर्राष्ट्रीय युवा दिवस** दिन- बुधवार



देश का युवा होता है देश,
के विकास का आधार।
युवा के कन्धों पर होता,
सबसे ज्यादा भार।।



यह दिन स्वामी विवेकानन्द,
की स्तुति में मनाया जाता।
12 अगस्त को पूरे विश्व में,
युवा-दिवस मनाया जाता।।




युवा को इस दिन में शशक्त,
बनने का मार्ग बताया जाता।
बेहतर शैली अपनाने हेतु,
सद्भावना का पाठ पढ़ाया जाता।।

40

शराब, तम्बाकू और नशे से,
जब-जब दूर रहे युवा।
युवाओं के अच्छे कार्यों से,
देश का बेहतर विकास हुआ।।



रचना- शहनाज़ बानो (स० अ०)
पू० मा० वि० भौंरी- 1
मानिकपुर, चित्रकूट

Mission Shikshan Samvad

काव्यांजलि - दैनिक प्रवाह

दिनांक- 12/08/2020 जन्म दिवस दिन- बुधवार

# कृष्ण जन्माष्टमी

41

भादों माह की अष्टमी, जन्मे कृष्ण मुरार ।
वासुदेव और देवकी मां के, प्यारे राजकुमार।।
प्यारे राजकुमार, रात थी काली अँधिरिया।
आधी रात के समय जेल में जन्मे सांवरिया।।



खुली हथकड़ी टूटी बेड़ी, सो गए पहरेदार।
देवकी जी के पुत्र ने लीन्हा है अवतार।।
लीन्हा है अवतार, बज रहे ढ़ोल नगाड़े।
छाई ब्रज में खुशी गूँज रहे हैं जय कारे।।

कंस का डर वासुदेव को, बड़ा हृदय में भारी।
यशोदा के घर श्याम को, ले जाने की तैयारी।।
ले जाने की तैयारी, यमुना को पार है किया।
पहुँचे नंद के द्वार, कृष्ण को वहां छोड़ दिया।।

सबकी बिगडी बनाने वाले, हैं ये श्री भगवान।
कृष्ण, बिहारी, गिरधारी इनके अनेकों नाम।।
बनवारी अनेकों नाम नाथ बंशी के बजैया।
हम सबकी रखते लाज हैं ये सृष्टि के रचैया।।



शिक्षा का उत्थान, मिशन शिक्षण संवाद, शिक्षक का सम्मान

रचना
मन्जू शर्मा (स०अ०)
प्रा०वि० नगला जगराम
सादाबाद, हाथरस



# Mission Shikshan Samvad

## काव्यांजलि - दैनिक प्रवाह

दिनांक- 12 अगस्त 2020

# कृष्ण जन्माष्टमी

दिन- बुधवार

42



गोपाला-गोपाला,
है वो प्यारा नंदलाला।
माखन और मिश्री का,
है खाने वाला।।

सूरत पे बलिहारी,
है यशोदा मैया।
लेती है बार-बार,
उसकी बलैया।
मथुरा में जन्मा,
गोकुल में पाला।।

कंस मामा उसका,
था अत्याचारी।
मारा जब उसको,
झूमी मथुरा सारी।
पर्वत उंगली पर,
उसने उठा डाला।।



रचना-
पूनम गुप्ता (स०अ०)
प्रा० वि०धनीपुर
धनीपुर, जनपद अलीगढ़

आओ हाथ से हाथ मिलाएं　　आपका दिन शुभ हो..　　बेसिक शिक्षा का मान बढ़ाएं




# Mission Shikshan Samvad

## काव्यांजलि - दैनिक प्रवाह

मिशन शिक्षण संवाद

दिनांक- 12 अगस्त 2020 **डॉ ए० पी० जे० अब्दुल कलाम** दिन- बुधवार



(1931-2015)

करतें है सब जिन्हें सलाम ,
वो है डॉ अब्दुल कलाम।
राष्ट्रहित के किये सब काम,
सैन्य मिसाइल में कमाया नाम।।

मिसाइल प्रक्षेपण यान बनाया,
परमाणु तकनीकी में लोहा मनवाया।
इसरो में जब कार्य किया तो,
पोखरण परमाणु परीक्षण करवाया।।

अत्यंत सरल और अनुशासन प्रिय,
राष्ट्रवादी सोच और कल्याण सक्रिय।
अंतरिक्ष विज्ञान के महान ज्ञाता,
उनके सम्मुख ये सर झुक जाता।।

43

कहते थे वो बढ़ते जाओ,
जो ठानों करके दिखलाओ।
अपने लिए तो सब जीते है,
सबके लिए जीकर दिखलाओ।।



शिक्षा का उत्थान, मिशन शिक्षण संवाद, शिक्षक का सम्मान।

रचना- डॉ. नीतू शुक्ला (प्र०अ०)
मॉडल प्राइमरी स्कूल बेथर 1
सिकंदरपुर कर्ण-उन्नाव



# Mission Shikshan Samvad

## काव्यांजलि - दैनिक प्रवाह

दिनांक- 12 अगस्त 2020 **राजा राम मोहन राय** दिन- बुधवार

**तर्ज- सुबह-सवेरे लेकर तेरा नाम प्रभु।**



बाल-विवाह जैसी कुरीतियों, का अंत किया,
बंगाल के गाँव राधानगर में जन्म लिया।
9 वर्ष, उम्र में विवाह हुआ तो विरोध किया,
उपनिषद, वेद पढ़े अंग्रेजी भी सीख लिया।।



रामकांत राय पिता, तैरनी माता थीं,
था वैष्णव परिवार, ब्राह्मण जाति थी।
धर्म की कट्टरता भी, उनमें समाहित थी,
बंगला, पर्शियन, अरबी, भाषा का ज्ञान लिया।।

किया विरोध समाज में, फैली कुरीतियों का,
गलत परम्परा, मान्यता, और पूजाओं का।
ईश्वर एक है "ब्रह्मसमाज" स्थापित किया,
विधवा-विवाह, सती-प्रथा, घर छोड़ विरोध किया।।

44



रचना- नैमिष शर्मा (स० अ०)
परि० संवि० (पू० मा०) वि० तेहरा
मथुरा, मथुरा



# Mission Shikshan Samvad

## काव्यांजलि - दैनिक प्रवाह

दिनांक- 12 अगस्त 2020 **कान्हा की वंशी** दिन- बुधवार




कान्हा की वंशी बजी मतवाली,
नभ में छायी घटा काली-काली।
मन की सारी चिंता हर डाली,
कान्हा की वंशी बजी मतवाली।।

उर में मेरे बसे नंद किशोर,
फिर क्यों नैना ढूंढे चहुं ओर।
मन का मयूर नाचे डाली-डाली,
कान्हा की वंशी बजी मतवाली।।

45

चित तो ले गया वो चितचोर,
सुखद स्वप्न में हो गई भोर।
यमुना के तीरे शोभा निराली,
कान्हा की वंशी बजी मतवाली।।




कृष्ण की लीला की अनुपम छटा,
देखन को घिर आई घनघोर घटा।
राधा के मन की कहे बातें निराली,
कान्हा की वंशी बजी मतवाली।।

रचना - सीमा कुमारी (स०अ०)
प्राथमिक विद्यालय कादरीबाग
डिबाई बुलंदशहर



शिक्षा का उत्थान, मिशन शिक्षण संवाद, शिक्षक का सम्मान।



# Mission Shikshan Samvad

## काव्यांजलि - दैनिक प्रवाह

दिनांक- 12 अगस्त 2020

## कृष्ण जन्माष्टमी

दिन- बुधवार



आज उत्सव मनाओ रे ,
कि शुभ घड़ी आई है।
जन्माष्टमी मनाओ रे,
कि भादौं बदरी छाई है।।



देवकी नन्दन जन्म लियो हैं,
कंस के कारागार मे।
वासुदेव ने झट पहुँचाया,
नन्दबाबा के द्वार मे।।

गोकुल ग्वाला बन आयो रे..
कि शुभ ....

मटकी फोड़ी,माखन खाकर,
जग मे माखनचोर कहाये।
वृन्दावन मे बंशी बजाकर,
गोपियों संग रास रचाये।।

चलो सब मिल गायें रे।
कि शुभ घड़ी आई है।।

46

रचना- पुष्पा पटेल (प्र०अ०)
प्रा० वि० संग्रामपुर
चित्रकूट, चित्रकूट





# Mission Shikshan Samvad

## काव्यांजलि - दैनिक प्रवाह

दिनांक- 13.08.2020 **रंगों की दुनिया** दिन- गुरुवार

47





सेब लाल, टमाटर लाल,
गाजर और चुकन्दर लाल।
बोलो बच्चों! और
क्या-क्या होता है लाल?

कोयल काली, कौवा काला,
और श्यामपट्ट काला-काला।
बोलो बच्चों! और
क्या-क्या होता है काला?



आम पीला, नींबू पीला,
केला और पपीता पीला।
बोलो बच्चों! और
क्या-क्या होता है पीला?

पालक हरी, मिर्ची हरी,
धनिया और मटर हरी।
बोलो बच्चों! और
क्या- क्या होती है हरी?



रचना- रूखसाना बानो (स०अ०)
कम्पोज़िट विद्यालय अहरौरा
जमालपुर , जनपद- मिर्ज़ापुर



# Mission Shikshan Samvad

## काव्यांजलि - दैनिक प्रवाह

दिनांक- 13 अगस्त 2020 **जड़ और फूल** दिन- गुरुवार

विषय- हिन्दी कक्षा- 3

48

लाल-लाल फूल थे लगते,
गुलमोहर का पेड़ कहलाता।
जब भी फूल के गुच्छे लगते,
गुलदस्ता जैसा बन जाता।।



फूलों को सूझी शैतानी,
जड़ की खूब हँसी उड़ाई।
बादल गरजे, बिजली चमकी,
और जोर की बारिश आई।।



ठूँठ हुआ फिर गुलमोहर,
उसने अपनी चमक गवाई।
बारिश बीती बसन्त फिर आया,
गुलमोहर में फिर कोपल आई।।

फूलों ने अब यह जाना,
जड़ की मेहनत रंग लाई।
जड़ से उसने माफी माँगी,
फूल और जड़ ने खुशी मनाई।।



रचना- शहनाज़ बानो (स०अ०)
पू० मा० वि० भौंरी- 1
मानिकपुर, चित्रकूट



# Mission Shikshan Samvad

## काव्यांजलि - दैनिक प्रवाह

दिनांक-13/08/2020 **दिवस विशेष** दिन- गुरुवार

## अंगदान दिवस

कोई देता अन्न दान,
कोई देता कपड़ा दान।
देता जो भी अंगदान,
वह इंसान है महान।।



नेत्रहीन को आंखें मिल जाए,
मृत जिगर में जान पड़ जाए।
दिल से दिल बदला जब जाता,
जाति धर्म का भेद मिटाता।।




अंग बिना लोग मारे जाते,
पाने पर वे खुशियाँ पाते।
जागरूक हो हर इंसान,
अंग दान है महादान।।

49



रचना
नीलम सिंह (स०अ०)
पूर्व मा०वि० रतनगढ़ी
हाथरस, हाथरस




# Mission Shikshan Samvad

## काव्यांजलि - दैनिक प्रवाह

दिनांक- 13 अगस्त 2020 **रसीला आम** दिन- गुरुवार

50

गर्मी आई, गर्मी आई,
साथ में अपने आम है लाई।
आम फलों का राजा होता,
अपना राष्ट्रीय फल कहलाता।।



स्वाद निराला इसका होता,
पीले नारंगी रंग का होता।
बच्चों के ये मन को भाए
जम के खाएं मज़े उड़ाएं।।



ढेर गुणों की खान है आम,
सबके दिल का राजा आम।
पन्ना बनाओ, शेक बनाओ,
जूस बनाकर झट पी जाओ।।

सेहत से भरपूर है आम,
विटामिन हमको देता आम।
बच्चों पापा लाये आम,
आओ खाएं हम सब आम।।



रचना- डॉ० नीतू शुक्ला (प्र०अ०)
मॉडल प्राइमरी स्कूल-बेथर 1
सिकंदरपुर कर्ण-उन्नाव



Mission Shikshan Samvad
काव्यांजलि - दैनिक प्रवाह
मिशन शिक्षण संवाद

दिनांक- 13 अगस्त 2020 | दिन- गुरुवार

# सरस्वती वंदना



जय जयति शारदा माँ
जय जय सरस्वती माँ।
हे बुद्धि शुद्धि देवी,
हे वर प्रदायिनी माँ।।

सारा जगत है स्वर मय,
हे माँ तेरी कृपा से।
वीणा की धुन से कर दो,
संसार राग मय माँ।।

झिलमिल सितारे लगते,
ये श्वेत वस्त्र तेरे।
कर में कमल कमंडल,
हे हंस वाहिनी माँ।।

51

मेरे कंठ में माँ भर दो,
वीणा के राग सारे।
जिह्वा में आ बिराजो,
हे ज्ञानदायिनी माँ।।



रचना- रश्मि शुक्ला (स०अ०)
उच्च प्राथमिक विद्यालय बेथर 1
सिकंदरपुर कर्ण-उन्नाव



Mission Shikshan Samvad
काव्यांजलि - दैनिक प्रवाह
दिनांक-13/08/2020    दिन- गुरुवार

# महान व्यक्तित्व

## महात्मा बुद्ध

कपिलवस्तु एक राज्य,
राजा शुद्धोधन थे गुणवान।
माता महामाया ने जन्मे,
सिद्धार्थ पुत्र बलवान।।

देवी यशोधरा से पायो,
राहुल पुत्र सुजान।
मोह माया में बांध न पाए,
पत्नी, पुत्र, संतान।।

जनमानस की खातिर त्यागे,
राजपाट, पत्नी, पुत्र संतान।
जगत, मिथ्या ,शरीर नश्वर,
पायो ज्ञान महान।।



संसार को राह दिखाने,
आए संत एक महान।
जिनको जनमानस कहे,
गौतम बुद्ध महान।।

52



रचना
पतिराम सिंह (इं०प्र०अ)
पूर्व मा०वि० रतनगढ़ी
हाथरस, हाथरस



Mission Shikshan Samvad

काव्यांजलि - दैनिक प्रवाह

दिनांक- 13/08/2020

# The Elephant

दिन- गुरूवार



The elephant is big.
But his tail is small.

Elephant has two large ears.
But his four legs are thick
and small.

53

Elephant has one long trunk.
But his two eyes are black
and small.

Elephant has two white tusks.
But his baby elephant is cute
and small.



Deepika Jain
A.T.
P.S.Bangawan,
Budaun



# Mission Shikshan Samvad

## काव्यांजलि - दैनिक प्रवाह




दिनांक- 13.08.2020 दिन- गुरुवार

# लोकसभा

**विषय-हमारा परिवेश**

**कक्षा-5**

54

लोकसभा पावन संसद का,
बड़ा प्रमुख ही अंग है।
पांच साल तक कार्यकाल है,
हो सकती यह भंग है।।

पांच सौ पैतालीस  है संख्या,
सदस्य सांसद कहलाते हैं।
चुनकर के प्रत्यक्ष रूप से,
संसद में वे आते हैं।।



**रचना-**

अशोक कुमार (स0अ0)
कम्पोजिट विद्यालय रामपुर
कल्याणगढ़, मानिकपुर
जनपद -चित्रकूट





# Mission Shikshan Samvad

## काव्यांजलि - दैनिक प्रवाह

दिनांक- 13 अगस्त 2020

# वनों से लाभ

दिन- ब्रहस्पतिवार

विषय- पर्यावरण

कक्षा- 6

क्या-क्या लाभ वनों से होते,
आओ पाएं इसका ज्ञान।
जीवनदायनी ऑक्सीजन देकर,
देखो वन हैं बने महान।।



फल देते हैं खाने को,
लकड़ी घर बनाने को।
जानवरों के ये हैं आवास,
जड़ी-बूटियाँ देते खास।।

मिट्टी को कटने से बचाएं,
वर्षा भी देखो ये कराएं।
करते पृथ्वी का श्रृंगार,
हरियाली इनका उपहार।।




चलो हाथ से हाथ मिलाएं,
कटने से हम इन्हें बचाएं।
आओ मिलकर पेड़ लगाएं।
धरा को अपनी स्वर्ग बनाएं।।

55



रचना- जितेन्द्र कुमार (स0 अ0)
प्रा0 वि0 धनौरा सिल्वर नगर-1
वि0 क्षे0 व जनपद- बागपत



# Mission Shikshan Samvad

## काव्यांजलि - दैनिक प्रवाह

मिशन शिक्षण संवाद

दिनांक- 13 अगस्त 2020

# राष्ट्रीय एकता

दिन- गुरूवार

विषय- हमारा परिवेश

कक्षा-5

राष्ट्र एक है भारत, भाषा-बोलियाँ अनेक हैं।
खान-पान, परिधान भिन्न, राष्ट्रीय पर्व एक है।।




पन्द्रह अगस्त सैंतालीस, मिली थी आजादी।
स्वतंत्रता दिवस हमारा मुक्ति का प्रतीक है।।

छब्बीस जनवरी पचास, गणतंत्र हुआ लागू।
संविधान अपना प्यारा, स्वराज्य का प्रतीक है।।



राष्ट्रपिता गांधी जी की जयंती 2 अक्टूबर।
वैष्णव जन तो, रघुपति राघव गाँधी जी के गीत हैं।।

राष्ट्रध्वज है तिरंगा, राष्ट्रगान जन-गण-मन।
राजचिन्ह अशोक स्तम्भ, वन्देमातरम राष्ट्रीय गीत है।।

56

बाघ-पशु, मोर-पक्षी, राष्ट्रीय पुष्प है कमल।
सत्यमेव जयते कहिये प्रीत अपनी रीति है।।

सेना तीन जल, थल, वायु रक्षक हैं देश की।
राष्ट्रपति सर्वोच्च सेनापति, तीनों सेनाओं का एक है।।



शिक्षा का उत्थान, मिशन शिक्षण संवाद, शिक्षक का सम्मान।

रचना- पुष्पा पटेल(प्र०अ०)
प्रा० वि० संग्रामपुर
चित्रकूट, चित्रकूट



# Mission Shikshan Samvad

## काव्यांजलि - दैनिक प्रवाह

दिनांक- 14 अगस्त 2020 **घुमक्कड़ तारक** दिन- शुक्रवार

विषय- हिन्दी कक्षा-3

56

पन्ना, पंखी और तारक
तीनों थे पक्के दोस्त।
दोनों हंस तो उडकर दूर,
चक्कर लगा आते थे रोज़।।




कछुआ के तो पंख नही थे,
तालाब के आगे न जा पाया।
हंसों की बातें सुन-सुनकर,
तारक का भी मन ललचाया।।

हंस चले कछुए को घुमाने,
गिरा समुद्र मे खुशी के मारे।
समुद्र की दुनिया थी अनोखी,
हीरक मिला कुछ जाने-पहचाने।।



आक्टोपस, व्हेल, डॉलफिन मछलियाँ,
हीरक ने तारक को दिखाई,।
रहने लगा वहीं समुद्र पर,
तारक को अनोखी दुनियाँ बहुत भाई।।



रचना- शहनाज़ बानो (स०अ०)
पू० मा० वि० भौंरी-1
मानिकपुर, चित्रकूट



Mission Shikshan Samvad

काव्यांजलि - दैनिक प्रवाह

दिनांक- 14अगस्त 2020 दिन- शुक्रवार

# टोकरी में क्या है ?

कक्षा -5

विषय - हिन्दी



मेरी नानी, प्यारी नानी
घर जाऊँगी मैं तो नानी।
ठीक है बेटा घर जाना तुम,
साथ टोकरी ले जाना तुम।।

अच्छा दादी हमें बताओ,
इसमें फल है यह मिठाई।
फल है बेटा तुम्हें पसंद है,
लेकिन सेब नहीं मैं लाई।।

पेड़ पर है तो है नारंगी,
पीला है तो आम ये होगा।
गोल है तो है अमरूद,
खट्टा है तो माल्टा होगा।।

शरबत बनता और अचार,
नींबू इसका सही जवाब।
शाबाश बिटिया जान गई तुम,
तुम हो बहुत होशियार।।

57



रचना- हेमलता गुप्ता (स०अ०)
प्रा०वि० मुकन्दपुर
लोधा, अलीगढ़



# Mission Shikshan Samvad

## काव्यांजलि - दैनिक प्रवाह

दिनांक- 14/08/2020 दिन- शुक्रवार

## मेरी प्यारी पतंग

ये है मेरी प्यारी पतंग,
कितने सारे है इसमें रंग।
चमकीले रंगों से सजी है ये पतंग,
आसमान में उड़ती लेकर न ई उमंग।।



उड़ती है हवा में जब ये पतंग,
सब रह जाते इसे देखकर दंग।
हरा, लाल, पीले हैं इसमें रंग,
डोरी-धागे और मांजे के हैं संग।।

58



बादलों में घूमे लेकर ये अपने रंग,
उड़-उड़ कर नाचे ये मस्त मलंग।
ये है मेरी प्यारी पतंग,
कितने सारे हैं इसमे रंग।।



रचना-आयुषी पाराशरी (स०अ०)
प्रा० वि० लाही फ़रीदपुर,
सालारपुर, बदायूँ



# Mission Shikshan Samvad

## काव्यांजलि - दैनिक प्रवाह

दिनांक- 12 अगस्त 2020 **बालगीत** दिन- शुक्रवार




हमने देखो एप्पल खाया,
लाल सेब था खूब चबाया।
मीठा-खट्टा थोड़ा सा था,
खाकर बहुत मजा है आया।।




डॉक्टर कहते स्वस्थ रहोगे,
एक सेब अगर रोज खाओगे।
जल्दी नहीं बीमार पड़ोगे,
यदि तुम सफाई से नहाओगे।।



दूध भी पीना बहुत जरूरी,
आती नहीं इससे कमजोरी।
मंजन करके दाँत निखारो,
कटे फलों से रखना दूरी।।

खुली हवा में रोज ही टहलो,
पेड़ों को पानी व खाद दो।
इन पर फिर फल-फूल आएंगे,
हवा हमें मिले इनको जीवन दो।।

59



रचना- नैमिष शर्मा (स०अ०)
परि० संवि० (पू०मा०) वि० तेहरा
मथुरा, मथुरा



# Mission Shikshan Samvad

## काव्यांजलि - दैनिक प्रवाह

दिनांक- 13 अगस्त, 2020 दिन- शुक्रवार

## बिटिया अभी है, छोट री बाबुल

60



बिटिया हवे अभी छोट री बाबुल,
बिटिया का ब्याह न करियो, रे बाबुल...
मन में रखो न खोट री बाबुल,
गुड़िया का ब्याह न करियो, रे बाबुल

खेल-खिलौने की उमर अभी है।
ब्याह की काहे जल्दी पड़ी है।।
सोच समझ पग धरियो, रे बाबुल,
बिटिया का ब्याह न करियो...

अबही उमरिया है पढ़ने वारी।
पढ़-लिख बनेगी कुल उजियारी।
मानो न काहू से छोट री बाबुल,
गुडिया का ब्याह न करियो...

अठरा के पहले ब्याह न करियो।
जाकी कठिन तुम राह न करियो।।
फूट जावेगो कच्चो घडो है,
जा में पानी न भरियो रे बाबुल...



रचना- राज कुमार शर्मा (प्र०अ०)
यूपीएस चित्रवार, ब्लॉक- मऊ
जनपद- चित्रकूट



# Mission Shikshan Samvad

## काव्यांजलि - दैनिक प्रवाह

दिनांक- 14 अगस्त 2020 दिन- शुक्रवार

# रानी चेनम्मा

61



कर्नाटक कित्तूर में जन्मी,
काकति के मुखिया की कन्या।
राजा मल्लसर्ग की पत्नी,
वीर थी रानी चेनम्मा।।

जब दिवगंत हुये राजा तो,
गद्दी पर रानी बैठी।
अंग्रेजों को खटक रही थी,
देशभक्त और वीर हठी।।

23 सितम्बर 1824 को,
थेकरे ने एक चाल चली।
कित्तूर को घेर लिया पर,
रानी की सेना महाबली।।

मुट्ठी भर सेना ने क्षण में,
अंग्रेजों को मार भगाया था।
किन्तु मराठों और राजाओं ने,
अंग्रेजो से हाथ मिलाया था।।

5 दिसम्बर 1824 में,
रानी को बन्दी बना लिया।
21 फरवरी 1829 में रानी,
को मृत्यु ने पास बुला लिया।।

गौरव गाथा याद आज भी,
नमन तुम्हे है चेनम्मा।
वीर, साहसी, उदार चरित,
और देशभक्त थीं चेनम्मा।।

रचना- आराधना सिंह (प्र०अ०)
E.M.C.S. लोढवारा
चित्रकूट, चित्रकूट





# Mission Shikshan Samvad

## काव्यांजलि- दैनिक सृजन

दिनांक- 15.08.2020 | दिन- शनिवार

# आजादी

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं





आजादी के हम दीवाने,
आजाद हमारा हिन्दुस्तान।
सोच समझकर कदम बढ़ाना,
चीन हो या हो पाकिस्तान।।






इस आजादी को हम सब,
किसी हाल में ना खोने देंगे।
अपने भारत भूमि का एक,
इंच किसी को ना देंगे।।

इस आजादी के खातिर,
कितने लहू बहाए हैं।
बलिदान हुए लाखों घर,
तब जाकर अंग्रेज भगाए हैं।।

मातृभूमि की रक्षा में हम,
खून की होली खेलेंगे।
सरहद पर हम वीर बहादुर,
सीने में गोली झेलेंगे।।

62

रचना- शहनाज़ बानो (स०अ०)
पू० मा० वि० भौंरी- 1
मानिकपुर, चित्रकूट



आओ हाथ से हाथ मिलाएं | आपका दिन शुभ हो.. | बेसिक शिक्षा का मान बढ़ाएं



# Mission Shikshan Samvad

## काव्यांजलि- दैनिक सृजन

दिनांक- 15.08.2020 **अगस्त पन्द्रह वंदन तेरा..** दिन- शनिवार

**स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं**




**अगस्त पन्द्रह वंदन तेरा।**
**आजादी का लाया सबेरा।।**

**वीर शहीदों की याद दिलाता।**
**जन-जन के मन को हर्षाता।**
**आजादी का कुशल चितेरा।**
**अगस्त पन्द्रह वंदन तेरा...**


**बचपन और बलिदान जवानी।**
**लाखों ने देकर कुर्बानी।।**
**उन्नत माथा किया था तेरा।**
**अगस्त पन्द्रह वंदन तेरा..**
**बलिदानों का तू परिचायक।**
**सत्य, अहिंसा का अधिनायक।।**
**हरियाली का बसेरा।**
**अगस्त पन्द्रह वंदन तेरा...**

**अगस्त पन्द्रह वंदन तेरा।**
**आजादी का लाया सबेरा।।**

**रचना- राज कुमार शर्मा (प्र.अ.)**
**यूपीएस, चित्रवार,**
**ब्लॉक- मऊ (चित्रकूट)**

शिक्षा का उत्थान, मिशन शिक्षण संवाद, शिक्षक का सम्मान





# Mission Shikshan Samvad

## काव्यांजलि- दैनिक सृजन

दिनांक- 15.08.2020 **आजादी का पर्व** दिन- शनिवार

**स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं**

64

आजादी का पर्व क्रांतिकारियों को, सादर नमन,
आज वीर-गाथाओं का, वर्णन करता मेरा मन।
रणबाँकुरों ने छेड़ा रण, झुके नहीं तन-मन वारा,
राष्ट्रभक्त, स्वाभिमानियों, ने फाँसी को ही स्वीकारा।।

जीवित वो परतंत्र रहे, आजादी नहीं देख पाए,
स्वतंत्रता-आंदोलन के सहभागी, बने जीत आए।
उड़ गई नींद थी परतंत्र-भारत, में रणबाँकुरों की,
छिपे करारा जबाब दिया, पी करके घूंट-लहू की।।

हम अखंड एकता की, भारत में अब बुनियाद रखेंगे,
जनमानस मिली आजादी की, साँसों को याद रखेंगे।
उन बलिदानियों के ऋणी, जो शूरवीर बन करके दिया,
संघर्षों से गए जीत तिरंगा, लाल-किले फहरा ही दिया।।





रचना-

*नैमिष शर्मा (स०अ०)*
*परि० संवि० (पू०मा०) वि० तेहरा*
*मथुरा, मथुरा*



# Mission Shikshan Samvad

## काव्यांजलि- दैनिक सृजन

दिनांक- 15.08.2020

# आओ हम सब

दिन- शनिवार

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

आओ हम सब मिलकर,
आजादी का जश्न मनाएं।
हर गली हर गांव में जाकर,
अपने तिरंगे को ऊंचा फहराएं।।



आओ हम सब मिलकर,
बापू के आदर्शो को अपनाएं।
ज्ञान,अहिंसा और प्रेम की,
शिक्षा से घर-घर जोत जलाएं।।




आओ हम सब मिलकर,
नेताजी का नारा सबको याद दिलाएं।
आजादी मिली अनमोल सभी को,
पूर्वजों के लहू का रंग दिखलाएं।।

आओ हम सब मिलकर,
आजादी का कर्ज उतारें।
जब कभी आए विपदा तो,
सब एक जुट होकर लड़ जाए।।



रचना-
दीपिका जैन (स०अ०)
प्रा० वि० बनगवां,
सालारपुर,बदायूँ



# Mission Shikshan Samvad

## काव्यांजलि- दैनिक सृजन

दिनांक- 15.08.2020

## आजादी का जश्न

दिन- शनिवार

**स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं**

हम बच्चे भारत के, आजादी का जश्न मनायेंगे,
हाथों में सजाएँ तिरंगा, झूमें-नाचें गायेंगे।
प्रभातफेरी में घूम-घूम कर, सबको यही बताऐंगे,
आजादी का जश्न है प्यारो, मिलकर साथ मनाएंगे।।

विद्यालय को अपने हम, तीन रंगों से सजाएंगे,
गाँधी, सुभाष, आजाद की तस्वीरों, पर फूलों को चढ़ाएंगे।
हम बच्चे वीर सपूत हैं, सबको यही बताएंगे,
जब लहराएगा तिरंगा, मिलकर राष्ट्रगान हम गायेंगे।।



जो दुश्मन आँख उठाकर देखे, उसको मजा चखाएंगे,
देश हमारा सबसे प्यारा, ये सबको बतलायेंगे।
जय-हिन्द के नारों से देश का, हर कोना महकाएंगे,
हम बच्चे भारत की आजादी, का जश्न मनाएंगे।।



रचना-
डॉ० रैना पाल (स० अ०)
प्रा० वि० आंमगाव
बदायूँ



# Mission Shikshan Samvad

## काव्यांजलि- दैनिक सृजन

मिशन शिक्षण संवाद

दिनांक- 15.08.2020 **आज बाटे 15 अगस्त** दिन- शनिवार

**स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं**

**तर्ज- सोहर**

आज बाटे 15 अगस्त,
स्वराज दिवस देशवा के ना।
भइया चारों ओरी लहरे तिरंगवा,
समूचा गगनवां में ना।

खुशहाल बाटे आज लोगवा,
खुशहाल आज धरती बा ना।
भइया खुशी-खुशी बोलेला विहगवा,
पवन बहे सुन्दर ना।
आज बाटे .............

खिल गइले फूल सब बगिया में,
खिल गइले दिल सबके ना।
भइया खिल गइली उजली किरनियां,
आज के शुभ दिनवां हो ना।
आज बाटे .................

लोग दें एक दूजे के
बँधइया,
बँधइया बाजे घर-घर
ना।
दिन हौ आज ऊ जब
भइले आजाद,
आपन भारत देशवा हो
ना।
आज बाटे................

67

रचना
अरविन्द कुमार सिंह (स०अ०)
प्रा०वि० धवकलगंज
बड़ागाँव, वाराणसी

शिक्षा का उत्थान, मिशन शिक्षण संवाद, शिक्षक का सम्मान।





# Mission Shikshan Samvad

## काव्यांजलि- दैनिक सृजन

मिशन शिक्षण संवाद

दिनांक- 15.08.2020 दिन- शनिवार

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

# शहीद के बेटे की अभिलाषा

68

माँ मुझको बंदूक दिला दो,
मैं सेना में जाऊँगा ।।
कब से गए हैं वहाँ पिताजी,
उनको संग में लाऊँगा ।।



दिवाली की रात है आई,
क्यों ना बनाई तूने मिठाई।
ना बिंदिया, ना मेहंदी लगाई,
ना ही तूने लोरी सुनाई।।




पूछ रहा जब इसी बात को ,
कुछ क्षण बीते आधी रात को।
सजा कफ़न सैनिक ले आए,
उसके पिताजी की लाश को।।

बोला बेटा मत रो मैया,
पिता का कर्ज चुकाऊँगा।
माँ मुझको तू पता बता दे,
दुश्मन को मार गिराऊँगा ।।



शिक्षा का उत्थान, मिशन शिक्षण संवाद, शिक्षक का सम्मान।

रचना- हेमलता गुप्ता (स०अ०)
प्रा० वि० मुकन्दपुर
लोधा, अलीगढ़



# Mission Shikshan Samvad

## काव्यांजलि- दैनिक सृजन

दिनांक- 15.08.2020     **मेरा वतन**     दिन- शनिवार

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

69



मेरा वतन सबसे प्यारा है,
तन-मन-धन उस पर वारा है ।
तिरंगा हमको जान से प्यारा है,
झुकने न देंगे प्रण ये हमारा है ।।




अनगिनत शहीदों ने प्राण दिया,
बहुत दिनों तक संघर्ष किया ।
मातृभूमि की आज़ादी के खातिर,
हँसते-हँसते खुद को बलिदान किया।।

आबाद रहे, आजाद रहे देश मेरा,
कीर्ति पताका फहरे है अरमान मेरा।
आकाश से ऊँचा रहे तिरंगा मेरा,
देशप्रेम से उल्लसित है हृदय मेरा।।



रचना- प्रतिमा उमराव( स०अ०)
कम्पोजिट विद्यालय अमौली
अमौली, फतेहपुर



# Mission Shikshan Samvad

## काव्यांजलि- दैनिक सृजन

दिनांक- 15.08.2020

## मन की अभिलाषा

दिन- शनिवार


**स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं**



परतंत्रता की बेड़ियों को तार-तार किया,
स्वतंत्रता की हर्षित बेला आ गई।
प्रफुल्लित जन और पुलकित मन हो गया,
नव-किसलय सरीखी स्वतंत्र प्रातः आ गयी।।

नमन मेरा सपूतों को शहीद जो हुए,
माँ की आबरू जो बचाने निकल पड़े।
तिरंगे की शान दिल में बसाये हुए,
सरहद की रखवाली को कफ़न बांध
निकल पड़े।।

70




कैसे भूल सकेंगे इनके कर्ज को हम,
प्राण देकर चुकाया वतन का कर्ज।
अनुसरण करें इनके पथ को हम,
कर रही हूँ कर-जोर सबसे मैं अर्ज।।

मन की कलम से शब्द रूपी मैं,
रचना अभिव्यक्त कर सकूँ।
मैं अपनी कविता से इस जग को,
अमन और शांति का पैगाम दे सकूँ।।



रचना
नम्रता श्रीवास्तव (प्र० अ०)
प्रा० वि० बडेहा स्योढ़ा
महुआ, बाँदा

आओ हाथ से हाथ मिलाएं | आपका दिन शुभ हो.. | बेसिक शिक्षा का मान बढ़ाएं



# Mission Shikshan Samvad

## काव्यांजलि- दैनिक सृजन

दिनांक- 15.08.2020 **ऐसा मेरा देश हिन्दुस्तान** दिन- शनिवार

**स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं**

71



ऐसा मेरा देश हिन्दुस्तान,
जग में अनोखा एक जहान।
साथ बजे मंदिर में घंटी जहाँ,
और मस्जिद में हो अजान।।

हिन्दू, मुस्लिम, सिख, ईसाई,
कहते हम सब हैं भाई भाई।
मिल कर मनाते ईद और होली,
कोई कहे अल्लाह कोई साईं।।



कोई पढ़े गीता, कोई कुरान,
देश पे सब हो जाएं कुर्बान।
देश की रक्षा की खातिर,
दी शूरवीरों ने अपनी जान।।

कितने वीरों ने खून बहाया,
तब ये आजादी पाई है।
सहेज के रखेंगे आजादी को,
हमने कीमत बड़ी चुकाई है।।



शिक्षा का उत्थान, मिशन शिक्षण संवाद, शिक्षक का सम्मान।

**रचना-** डॉ० नीतू शुक्ला (प्र०अ०)
मॉडल प्राइमरी स्कूल-बेथर 1
सिकंदरपुर-कर्ण, उन्नाव



# Mission Shikshan Samvad

## काव्यांजलि- दैनिक सृजन

दिनांक- 15.08.2020 **दीप उनकी कब्र पर जलेंगे सदा** दिन- शनिवार

**स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं**



72

दीप उनकी कब्र पर जलेंगे सदा,
जिसने सर दे दिया है वतन के लिए।
फूल माला समर्पित हमारी उन्हें,
खून जिसने दिया है चमन के लिए।



जिसने सर्वस्व अपना न्योछावर किया,
देश की आन पर देश की शान पर।
देश उनका हमेशा कर्जदार है,
एक पाई न रखी कफन के लिए। फूल...



कीर्ति उनकी अमर विश्व मे हो गयी,
देशवासी सभी अर्चना कर कर रहें।
धन्य है यह जमीं जन्म उनका हुआ,
शीश झुकते हमारे नमन के लिए। फूल...


गोली, गोलों की बौछार होती रही,
सर पर बाँधें कफन वो डटे ही रहे।
याद दिल से न क्यों आज उनकी करें,
रो रही भारती जिन ललन के लिए। फूल...



शिक्षा का उत्थान, मिशन शिक्षण संवाद, शिक्षक का सम्मान।

**रचना- राजेश तिवारी (स0अ0)**
**पू0 मा0 वि0 महुआ-2**
**क्षेत्र- महुआ जनपद- बाँदा**

आओ हाथ से हाथ मिलाएं    आपका दिन शुभ हो..    बेसिक शिक्षा का मान बढ़ाएं



# Mission Shikshan Samvad

## काव्यांजलि- दैनिक सृजन

दिनांक- 15.08.2020    **तिरंगा**    दिन- शनिवार

**स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं**

**तर्ज- कदी ते हँस बोल वे**

73



तिरंगा शान है, वतन की आन है।
ये अपनी शान है, देश की आन है।।

तीन रंगों वाला ध्वज हमारा है ये,
जान से भी हमको बड़ा प्यारा है ये।
न झुकने देंगे इसे यही अभिमान है।।

इसको पाने के लिए दी हैं कुर्बानियां,
तब बनी हैं इसकी गर्व की कहानियां।
हमारे दिलों में इसका बहुत सम्मान है।।

हमेशा ऊँचा रहे सदा लहराता रहे,
दिलों को हम सबके सदा हर्षाता रहे।
हम भारतवासियों का यही अरमान है।।

रचना- जितेन्द्र कुमार (स०अ०)
प्रा०वि० धनौरा सिल्वर नगर-1,
वि०क्षे० व जनपद- बागपत





# Mission Shikshan Samvad

## काव्यांजलि- दैनिक सृजन

दिनांक- 15.08.2020

## तिरंगा गीत

दिन- शनिवार

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

भारत की पहचान तिरंगा।
देश की आन और बान तिरंगा।
लहर-लहर लहराए यह तो,
हम सबकी है शान तिरंगा।।



74

सजा हुआ रंगों से चार,
है स्वतंत्रता का उपहार।
शौर्य, शांति का है प्रतीक ये,
फहराते हैं बारंबार।।



आँच कभी ना आने देंगे,
शान कभी ना जाने देंगे।
अगर सामने आए शत्रु,
वापस उसे न जाने देंगे।।

शत्रु भागे घबराकर,
जब बढ़े, तिरंगा लहरा कर।
करतल से स्वागत करते हम,
'जन-गण-मन' गा-गा कर।।



रचना- पूनम गुप्ता (स०अ०)
प्रा० वि० धनीपुर
धनीपुर, अलीगढ़



# Mission Shikshan Samvad

## काव्यांजलि- दैनिक सृजन

दिनांक- 15.08.2020 **ये देश हमारा है** दिन- शनिवार

**स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं**

### तर्ज़- एक प्यार का नगमा है

ये देश हमारा है,
वीरों की कहानी है।
जिंदगी को गँवाकर हमें,
दे गए वे निशानी हैं।
ये देश ..............



यहाँ अमर शहीदों ने,
थी जान गँवाई है।
कई माँओं के पुत्र गए,
गए बहनों के भाई हैं।
हम सबकी आँखों से,
बहता आज पानी है।
जिंदगी ...............

फांसी के फन्दे पर,
हँस-हँस के झूल गए।
इस देश की खातिर वे,
अपना सब भूल गए।
याद आती है वीरों की,
अद्भुत कुर्बानी है।
जिंदगी ...............



शिक्षा का उत्थान, मिशन शिक्षण संवाद, शिक्षक का सम्मान।

रचना
मन्जू शर्मा (स०अ०)
प्रा०वि० नगला जगराम
सादाबाद, हाथरस



# Mission Shikshan Samvad

## काव्यांजलि- दैनिक सृजन

दिनांक- 15.08.2020 **संकल्प गीत** दिन- शनिवार

**स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं**




आजादी का जश्न मनाना होगा।
राष्ट्र ध्वज को फहराना होगा।।



करते हैं शत-शत वंदन हम आजादी के वीरों का,
जिनके असीम त्याग का परिचायक है स्वतंत्रता।
इसकी रक्षा में प्राण गँवाना होगा...





लाखों अमर शहीदों का बलिदान है तिरंगा,
भारतीय संस्कृति की आन है तिरंगा।
ध्वज को शीश झुकाना होगा राष्ट्र ध्वज को....

देश हमें देता है सब कुछ हम भी कुछ देना सीखें,
देश की रक्षा में हम सब मिलकर के चलना सीखें।
देश प्रेम की ज्योति जलाना होगा राष्ट्र ध्वज को...

रचना- उमेश गौतम (स०अ०)
क० वि० रामपुर कल्याणगढ़
मानिकपुर, चित्रकूट





# Mission Shikshan Samvad

## काव्यांजलि- दैनिक सृजन

दिनांक- 15.08.2020 **आजादी का दिवस** दिन- शनिवार

### स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं




आजादी का दिवस चलो,
सब मिलकर खुशी मनाते हैं।
पंद्रह अगस्त, सैंतालीस की
पावन तस्वीर दिखाते हैं।।

अनगिनत वीर कुर्बान हुएं,
इस आजादी की वेदी पर।
उन वीरों के बलिदानों की,
हम गौरव गाथा गाते हैं।।

हर जुल्म सहा अंग्रेजों का,
पर नहीं गुलामी अपनाई।
उन राष्ट्रभक्त मतवालों को,
हम श्रद्धा सुमन चढ़ाते हैं।।

सम्मान सुरक्षा की खातिर,
प्राणों से अपनी खेल गईं।
उन परमवीर बालाओं का,
स्वर्णिम इतिहास सुनाते हैं।।

देशप्रेम, भाईचारे की,
वही कहानी दोहराएं।
भारतवासी अपना तिरंगा,
शान से फहराते हैं।।

77



पुष्पा पटेल (प्र०अ०)
प्रा० वि० संग्रामपुर
चित्रकूट, चित्रकूट



# Mission Shikshan Samvad

## काव्यांजलि- दैनिक सृजन

दिनांक- 15.08.2020

# देश ये हमारा

दिन- शनिवार

**स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं**

तर्ज:- तुम तो ठहरे परदेसी

78



देश ये हमारा है
प्राणों से भी प्यारा है।
हम सब ने मिलकर के
इसको सँवारा है।।

जब कहीं कोई भी दुश्मन
आंख जो उठाई है।
देश के जवानों ने
दिया जवाब करारा है।।

एकता ही है ये मिसाल
संसार में दिखाई है।
हर धर्म के लोग हैं यहाँ
फिर भी भाईचारा है।।



अपने वीरों की हम
याद करें कुर्बानी।
हंसते हंसते फांसी का
फंदा गले लगाया है।।

रचनाकार-
सुधांशु श्रीवास्तव (स०अ०)
प्रा० वि० मणिपुर
ऐरायां, फतेहपुर

शिक्षा का उत्थान, मिशन शिक्षण संवाद, शिक्षक का सम्मान।



# Mission Shikshan Samvad

## काव्यांजलि- दैनिक सृजन

दिनांक- 15.08.2020 **वीरों को नमन** दिन- शनिवार

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं




नमन करें हम उन वीरों को,
जिन्होंने सर्वस्व लुटाया।
भारत माँ की लाज बचाकर,
आजादी हमें दिलाया।।

भारत माँ के वीर सपूतों को,
श्रद्धा सुमन अर्पित करते हैं।
जान की बाजी लगाने वाले,
सबके दिलों में रहते हैं।।

उन वीरों के शौर्य की गाथा,
भारत में अमर रहेगी।
उनके बलिदानों की निर्मल धारा,
गंगा के साथ सदा बहेगी।।

आजादी का जश्न सभी हम,
आओ मिलकर के मनायें।
उन वीरों के वंदन में हम,
आओ शीश झुकायें।।

79



रचना- अशोक कुमार (स०अ०)
क० वि० रामपुर कल्याणगढ
मानिकपुर, चित्रकूट



# Mission Shikshan Samvad

## काव्यांजलि- दैनिक सृजन

दिनांक- 15.08.2020    दिन- शनिवार

# स्वतंत्रता का मूल्य

### स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

80

आया पंद्रह अगस्त सबका मन हर्षाया,
स्वतंत्रता का यह दिन राष्ट्रीय पर्व कहलाया।
लाल किले की प्राचीर से तिरंगा फहराया,
आजादी की खुली हवा में शान से लहराया।
बच्चो यह शुभ दिन यूँ ही नहीं आया,
करोड़ों शहीदों ने अपना लहू बहाया।
माताओं ने अपने सपूतों को गँवाया,
बहनों ने भाई, नारियों ने सिंदूर खोया।
स्वदेश के लिए बहुत कीमत है चुकाई,
फिर भी ये आजादी अधूरी है भाई।
अंधविश्वास, अशिक्षा, गरीबी, लाचारी,
सांप्रदायिकता, आतंकवाद, हिंसा तबाही।
इन सब से देश को आजाद कराना,
बलिदानों का मोल हमें है चुकाना।
भेदभाव सारे भुलाकर भाई,
अब हमने लड़नी है एक और लड़ाई।







भागीरथी पाण्डे ( प्र० अ०)
रा० प्रा० वि० परमा
हल्द्वानी,नैनीताल

शिक्षा का उत्थान, मिशन शिक्षण संवाद, शिक्षक का सम्मान।



आओ हाथ से हाथ मिलाएं	आपका दिन शुभ हो..	बेसिक शिक्षा का मान बढ़ाएं



# Mission Shikshan Samvad

## काव्यांजलि- दैनिक सृजन

मिशन शिक्षण संवाद

दिनांक- 15.08.2020

## याद मुझे तुम करना

दिन- शनिवार

### स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं




जब जब मस्त बहारों में,
तिरंगा मेरा लहराएगा।
जब जब मेरा वतन अपनी,
आज़ादी का जश्न मनाएगा।
जब किसी माँ की आँखों में,
आँसू का  कतरा आएगा।
भाई कहीं किसी मोड़ पर,
कमजोर स्वयं को पायेगा।
बहना राखी को लिए खड़ी,
सूनी राह निहारेगी।
सूनी माँग लिए सजनी के,
चेहरे पे उदासी छाएगी।
सीमा पर, लड़ते- लड़ते,
हमने अपनी ज़ान गँवाई है।
सोचना तब, ये सब खुशियाँ,
किसकी बदौलत आई हैं?







प्रेम प्रकाश जोशी। (स० अ०)
रा उ प्रा वि सुजड़गांव
प्रतାप नगर टिहरी गढ़वाल उत्तराखंड

शिक्षा का उत्थान, मिशन शिक्षण संवाद, शिक्षक का सम्मान।



काव्यांजलि टीम	किसी भी सुझाव या शिकायत के लिए व्हाट्सएप करें- 9458278429 मिशन शिक्षण संवाद

# Mission Shikshan Samvad

## काव्यांजलि- दैनिक सृजन

दिनांक- 15.08.2020    दिन- शनिवार

## कुमाऊँनी देशगीत

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

82

भारत भूमि यो मेरी छ महान,
दुनिया में ऊँचो छ देश को नाम।
पंद्रह अगस्त कभे न भूलूला,
घर-घर हँसी-खुशी त्योहार मनुला।
भारत माँ का कोख में हमरो जन्म,
रक्षा ये की मिली जुली सब ले करन।
देवों की भूमि यो, स्वर्ग का समान,
दुनिया में ऊँचो छ देश को नाम।
आज़ादी की लड़ाई में जै-जै को बलिदान,
उन उमर शहीदों कैं, मेरो छ प्रणाम।
कभै ले कम न हो तिरंगा की शान,
दुनिया में ऊँचो छ देश को नाम।
स्वतंत्रता दिवस की सब कैं बधाई,
हमारा राष्ट्रगान ले धूम छ मचाई।
देश का खातिर चाहे नहे जो जान,
दुनिया में ऊँचो राखुलो ये को नाम।




देवेन्द्र कोहली
समन्वयक संकुल केन्द्र चम्पू
कनालीछीना, पिथौरागढ़





# Mission Shikshan Samvad

## काव्यांजलि- दैनिक सृजन

दिनांक- 15.08.2020    दिन- शनिवार

## लहराता तिरंगा

### स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

83





मैं रहूँ या नहीं मेरे देश तेरा वजूद रहे,
हरदम लहराता सरहदों, पर तिरंगा रहे।
ना मुझे गम रेगिस्तान की  तपती गर्मी का,
ना मुझे इल्म लद्दाख की   सिफर सर्दी का।
पर दुश्मन की नजरों पर मेरी नज़र रहे।
ना मुझे फ़िक्र मेरी बूढ़ी माँ की,
ना मुझे जिक्र करना बेबस  पिता की।
बस मेरे देश में चैन-ओ- अमन  रहे,
ना कोई दुश्मन घुस पाए अंदर,
आ जाये तो ना जा पाए बाहर,
दुश्मन की गोली पर मेरा सीना रहे।
मेरी बहन मैंने तेरी राखी का मान रखा,
दुश्मन को अपनी सरजमीं से पार रखा,
तेरे हाथो में हर जवान के लिये राखी रहे।
मैं हो जाऊँ शहीद मेरा गम ना करना,
तिरंगे पे लिपट आऊँ, तो रंज मत करना,
मेरे बच्चों के जुबाँ पर जय हिन्द रहे।





आरती बहुगुणा (स० अ)०
रा प्रा वि मरगांव
थलीसैंण पौड़ी गढ़वाल उत्तराखण्ड

शिक्षा का उत्थान, मिशन शिक्षण संवाद, शिक्षक का सम्मान।



आओ हाथ से हाथ मिलाएं आपका दिन शुभ हो.. बेसिक शिक्षा का मान बढ़ाएं



# Mission Shikshan Samvad

## काव्यांजलि- दैनिक सृजन

दिनांक- 15.08.2020 **स्वतंत्रता दिवस** दिन- शनिवार

### स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

84

मित्रो प्राण भले ही गंवाना,
पर झण्डे को न नीचे झुकाना।
तीन रंगा है झण्डा हमारा,
बीच चक्र चमकता सितारा।।
शान है ये है इज्जत हमारी ,
सर झुकाती जिसे हिन्द सारी।
तुम भी लाखों मुसीबत उठाना,
पर नीचे न झण्डे को झुकाना।।
की ये आजादपन की है निशानी,
इसके पीछे है लाखों कहानी।
जिन्दादिल ही इसे उठाते ,
वीर इस पर तो सर तक चढाते।।
ये क्या भूले हो जलियांवाला
पापी डायर का इतिहास काला।
गोलियों की लगी जब झड़ी थी,
नींव आजादी की तब पड़ी थी










उषा गौड़ (स० अ०)
रा पू मा वि डोईवाला
डोईवाला। देहरादुन

शिक्षा का उत्थान, मिशन शिक्षण संवाद, शिक्षक का सम्मान।





# Mission Shikshan Samvad

## काव्यांजलि- दैनिक सृजन

दिनांक- 15.08.2020 **प्यारा-प्यारा मेरा देश** दिन- शनिवार

**स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं**

**85**



प्यारा-प्यारा मेरा देश,
सबसे न्यारा मेरा देश।
दुनिया जिस पर गर्व करे,
ऐसा वीर हमारा देश।।

वीर सैनिकों वाला देश,
पर्वतराज हिमालय देश।
प्रमुख तीर्थों वाला देश,
संगम नदियों वाला देश।।



साधु-संतों वाला देश,
चाचा नेहरू वाला देश।
आज़ाद, भगतसिंह वाला देश,
इतिहास बदलने वाला देश।।

चांदी, सोना वाला देश,
गंगा, यमुना वाला देश।
प्यारा प्यारा मेरा देश,
सबसे न्यारा मेरा देश।।



रचना- अजय कुमार वर्मा(स०अ०)
प्रा०वि०भैरवां प्रथम,
हसवा,फतेहपुर (उ०प्र०)

Mission Shikshan Samvad

मिशन शिक्षण संवाद

# काव्यांजलि- दैनिक सृजन

दिनांक- 15.08.2020 दिन- शनिवार

## आजादी

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

86



आया दिन आजादी का यह,
पावन पर्व हमारा है।
करे स्वागत पन्द्रह अगस्त का,
पावन पर्व हमारा है।।

युगों तक लहरायेंगे तिरंगा,
इस उन्मुक्त गगन में,
भारत का श्रृंगार तुम्हीं हो,
फैलो उन्मुक्त पवन में।



आया दिन आजादी का,
पावन पर्व हमारा है।
बलिदानों से जिनके यह ,
आज तिरंगा लहराया।

बल पौरुष से जिनके,
पावन पन्द्रह अगस्त आया।
आया दिन आजादी का,
यह पन्द्रह अगस्त हमारा है।।



रचना- सरल मधुर (स०अ०)
प्राथमिक विद्यालय जगतपुर आदिल
भिटौरा, फतेहपुर



Mission Shikshan Samvad

# काव्यांजलि- दैनिक सृजन



दिनांक- 15.08.2020 **प्यारा झण्डा** दिन- शनिवार

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



देखो बच्चों ये झण्डा हमारा,
तीन रंगों से सजा है प्यारा।
फहरता है अपनी पूरी शान से,
फौजियों ने सींचा है अपनी जान से।



याद दिलाता है शहीदों के बलिदान को,
आजादी के लिए चली लंबी लड़ाई को।
व्यापारी बनकर हमारे देश मे आये थे,
आपस मे लड़ाने की योजना लाये थे।

गाँधी, तिलक, सुभाष ने हमको,
एकता का पाठ है सिखलाया।
जियो और जीने दो का संदेश दिया,
मातृभूमि की रक्षा का प्रण हमें दिलाया।



हम शान ना इसकी जाने देंगे,
देश प्रेमी बनकर हम सब रहेंगे।
गौरव तिरंगे का हम बढ़ायेगे,
उन्नति के पथ पर देश को लायेंगे।



रचना- हेमलता यादव (स०अ०)
प्रा० वि० बेतीसादात
क्षेत्र- भिटौरा, जनपद- फतेहपुर

87



# Mission Shikshan Samvad

## काव्यांजलि- दैनिक सृजन

दिनांक- 15.08.2020 | दिन- शनिवार

## पंद्रह अगस्त है

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

88



खुशियों के गीत गाओ कि पंद्रह अगस्त है,
सब मिल के मुस्कुराओ कि पंद्रह अगस्त है।
चारों तरफ खुशियां हैं रोशनी है हर तरफ़
तुम खुद भी जगमगाओ कि पंद्रह अगस्त है।।

रक्खो न सिर्फ फूलों की खुशबू निगाह में,
काँटों को भी हँसाओ कि पंद्रह अगस्त है।
रूहें अमान-ओ-अम्न की प्यासी हैं आज भी,
प्यास इन की अब बुझाओ कि पंद्रह अगस्त है।।



ये अहद तुम करो कि झड़प फिर न हों,
हाँ आग ये बुझाओ कि पंद्रह अगस्त है।
हर हादसे में देशवासी रहें तैयार,
वो जोश फिर जगाओ कि पंद्रह अगस्त है।।

न हो फर्क हिंदू-मुसलमान में अब,
मिलकर उठाओ परचम कि पंद्रह अगस्त है।
हो जब दर्द-ए-दिल में जज़्ब-ए-इश्के वतन का,
दानिश कलम उठाओ कि पंद्रह अगस्त है।।



रचना- मो0 दानिश सिद्दीकी,
इंचार्ज प्रधानाध्यापक, प्राइमरी स्कूल
दामोदरपुर, धाता, फतेहपुर।

आओ हाथ से हाथ मिलाएं | आपका दिन शुभ हो.. | बेसिक शिक्षा का मान बढ़ाएं



# Mission Shikshan Samvad

## काव्यांजलि- दैनिक सृजन

दिनांक- 15.08.2020

## आजादी के दीवाने

दिन- शनिवार

### स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



उठो देश के वीर सपूतो, फिर वसुधा तुम्हें बुलाती है।
आजादी की गौरव गाथा, ये माटी तुम्हें सुनाती है।।
तुम वीर शिवाजी से बालक, बाला में लक्ष्मीबाई हो।
मजबूत मरूथल जैसे हो, तुम बसंत की तरूणाई हो।।

ये तिरंगा भारत देश का, जो लहर लहर लहराता है।
सुखदेव, भगत औ राजगुरू, की शौर्य कथा दुहराता है।।
इस झण्डे में छिपी हुई आजादी की स्वर्ण कहानी है।
गाँधी सुभाष टैगोर तिलक की गाथा बड़ी सुहानी है।।

आजादी के मतवालों की, हर बात निराली होती है।
दिल में कितने ही गम हों, एहसास की लाली होती है।।
आजादी के मस्तानों की, लो फिर से आयी टोली है।
इंकलाब का नारा है औ, मुख आजादी की बोली है।।

89

तेरे रक्षण की खातिर माँ, हम अपना शीश कटा देंगे।
सौगन्ध धरा की खाते हैं, हम अपनी जान लुटा देंगें।।
मैं नमन आज उनको करती, शत शत आभार जताती हूँ।
मैं इसीलिये मन भावों से, शुभ गीत देश के गाती हूँ।।

रचना
गुँजन शुक्ला (प्र.अ.)
प्राथमिक विद्यालय गणेश पार्क
नगर क्षेत्र- औरैया





# Mission Shikshan Samvad

## काव्यांजलि- दैनिक सृजन

दिनांक- 15.08.2020 | **राष्ट्र गौरव** | दिन- शनिवार

### स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

राष्ट्र आज गौरव करता,उन अमर शहीदों के बल पर।
आजादी की छाँव दिला जो,चढ़ गए चूम के सूली पर।।
स्वतंत्रता का इतिहास याद कर,गर्व से सीना ऊँचा कर।
भारत माँ श्रृंगार करे,हर बलिदानी वीरों के बल पर।।



74वां स्वाधीन पर्व पर ,झूम रहे सब नर-नारी।
एक राष्ट्र का भाव जगा,ये देख रही दुनिया सारी।।
विविध हमारी बोली भाषा, विविध ही जीवन शैली है।
विविधता में एकता वाली,दिव्य पुरातन संस्कृति है।।

जब भी आंच कोई आये,मतभेद न फिर कोई रहता।
देश के खातिर प्राण लुटाने,वीर दिशा में फिर बढ़ता।।
दुनिया को परिवार मानकर,वसुधैव कुटुम्बकम् गाता फिर।
जब भी आँख दिखाए दुश्मन,आँख चीर के लाता फिर।।

90

आओ मिल संकल्प करें,इस आजादी के पावन दिन पर।
जो भी काम मिले हमको,हों सभी समर्पित वसुधा पर।।
महापुरुषों की पावन भूमि को ,सदा हरा भरा रखना।
वन्देमातरम भारतमाता की, जय जयकार सदा करना।।

रचना
कृष्ण कुमार (प्र.अ.)
प्राथमिक विद्यालय रामपुर की मड़ैया
भाग्यनगर,औरैया

शिक्षा का उत्थान, मिशन शिक्षण संवाद, शिक्षक का सम्मान





# Mission Shikshan Samvad

## काव्यांजलि- दैनिक सृजन

दिनांक- 15.08.2020 **स्वतंत्रता दिवस** दिन- शनिवार

### स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

91

स्वतंत्रता दिवस का महापर्व, वीरों की कुर्बानी याद दिलाता है।
भारत मां की आजादी की , गाथा याद दिलाता है।।

व्यापारी बन आए दुश्मन की, छल कपटता याद दिलाता है।
भारत मां पर फिरंगियों के, अत्याचार याद दिलाता है।।

अपने ही घर में हम पर हुआ, बेगानों सा सुलूक याद दिलाता है।
भारत मां की संतानों पर हुए, गैरों सा ज़ुल्म याद दिलाता है।।

आजाद भगत सुभाष विस्मिल जैसे, शेरों की ललकार याद दिलाता है।
भारत मां की आजादी की खातिर, हुए महासंग्राम याद दिलाता है।।


आंखों में दहकती क्रोध की ज्वाला, सिर पे केसरिया कफ़न याद दिलाता है।
छाती पर चढ कर अंग्रेजों को , धूल चटाना याद दिलाता है।।

भारत मां की लाज बचाने की खातिर, प्राणों की आहुति याद दिलाता है।
साहस शौर्य पराक्रम से अंग्रेजों को, मार भागना याद दिलाता है।।

स्वतन्त्रता दिवस का महापर्व,
वीरों की कुर्बानी याद दिलाता है।



रचना
सपना (सहायक अध्यापक)
प्राथमिक विद्यालय उजीतीपुर
भाग्यनगर,औरैया



# Mission Shikshan Samvad

## काव्यांजलि- दैनिक सृजन

दिनांक- 15.08.2020  **मेरा प्यारा भारत**  दिन- शनिवार

**स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं**

**तर्ज- दिल लूटने वाले जादूगर....**

92

भारत प्यारा है देश मेरा,
अब शीश इसी पे झुकाना है।
दो-चार नहीं, दस-बीस नहीं,
हर एक इसी का दीवाना है।।





खेत में किसान, सीमा पे जवान,
मन उमड़े इनके वंदन को।
जो देखें ना दिन रात-कभी,
अर्पण करते हैं तन-मन को।
इनका तो, इनका तो बस है काम यही
भारत पर मर-मिट जाना है...



यहां भाषाओं के रंग कई,
पहनावे, धर्म भी नाना हैं।
मंदिर,मस्जिद,गुरुद्वारे,चर्च,
सब करते एक बखाना हैं।
हम सब, हम सब भारतवासी हैं एक,
बस मर्म यही पहचाना है....।।

रचना
रश्मि (प्र.अ.)
प्रा.वि. गुलाबपुर (अंग्रेजी माध्यम)
भाग्यनगर, औरैया।



# Mission Shikshan Samvad

## काव्यांजलि- दैनिक सृजन

मिशन शिक्षण संवाद

दिनांक- 15.08.2020 | **आजादी का पावन पर्व** | दिन- शनिवार

### स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

93



पन्द्रह अगस्त, स्वतन्त्रता दिवस
आज हम मनायेंगे।
देश की आजादी का,
हम पावन पर्व मनायेंगे।

साफ सफाई करायेंगे,
विद्यालय को सजायेंगे।
तिरंगा फहरायेंगे हम,
खूब हर्ष उल्लास मनायेंगे।
देश..........

रंगारंग ,सांस्कृतिक ,
कार्यक्रम करायेंगे।
लेख ,कहानी,कविता की,
प्रतियोगिता करायेंगे।
देश................

प्रधानमंत्री जी का उद्बोधन,
सुने व सुनायेंगे।
अपने शिक्षा महानिदेशक का,
विचार पढ कर सुनायेंगे।
देश............

अन्त मे, हम मिष्ठान्न वितरण,
करे व करायेंगे।
74वाँ स्वतंत्रता दिवस हम,
समाजिक दूरी के साथ मनायेंगे।
देश.............

Happy Independence Day



शिक्षा का उत्थान, मिशन शिक्षण संवाद, शिक्षक का सम्मान।

रचना
स्मिता वैश्य (स.अ.)
पूर्व मा.वि.मकू का पूर्वा
भाग्यनगर - औरैया



# Mission Shikshan Samvad

## काव्यांजलि- दैनिक सृजन

दिनांक- 15.08.2020　　**बाल कविता**　　दिन- शनिवार

### स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं


मेरा देश है प्यारा ।
सब जग से न्यारा ।।
हिंदू हो या मुस्लिम भाई ।
सिख हो या इसाई ।।
आपस में है भाई - भाई ।
मिल करें देश उजियारा ।।
मेरा देश है प्यारा ।
सब जग से है न्यारा ।।
हमसे जो टकराएगा।
झूठी शान दिखाएगा ।।
दर-दर ठोकर खाएगा।
अंत में जाएगा मारा।।
मेरा देश है प्यारा ।
सब जग से है न्यारा।।
बलिदानों की याद मैं हम।
15 अगस्त मनाते हैं ।।
लहू से सीचा वतन को।
उनको शीश नवाते हैं।।




94



रचना
कृष्ण गोपाल (इं.प्र.अ)
पूर्व मा. वि. दलेलनगर
अजीतमल, औरैया



# Mission Shikshan Samvad

## काव्यांजलि- दैनिक सृजन

दिनांक- 15.08.2020

## स्वतंत्रता दिवस गीत

दिन- शनिवार

### स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



स्वतंत्रता का है दिवस ,सुनो सुनो सुनो।
15 अगस्त है, सुनो सुनो सुनो।।

आजाद हुआ आज ही ये धरती गगन,
तोड़ के गुलामी हुआ देश ये मगन।
तिरंगा लहराया सुनो सुनो सुनो,
जश्न है मनाया सुनो सुनो सुनो।




स्वतंत्रता का है दिवस सुनो सुनो सुनो।
15 अगस्त है सुनो सुनो सुनो।।

थे लाल धरती माता के,जो देश पे मिटे,
स्वतंत्रता के खातिर,सूली पे चढ़े।
माताओं-बहनों ने किये त्याग बलिदान,
जाकर के तब ये गौरव के दिन हैं मिले।
क्रान्तिकारियों को यादकर सुनो सुनो,
कर बुलंद इन्क़लाब को सुनो सुनो।


95

स्वतंत्रता का है दिवस सुनो सुनो सुनो।
15 अगस्त है सुनो सुनो सुनो।।



रचना
सुरभि (स.अ.)
पू.मा.वि. नगला सहतू
अजीतमल, औरैया

शिक्षा का उत्थान, मिशन शिक्षण संवाद, शिक्षक का सम्मान।



# Mission Shikshan Samvad

## काव्यांजलि- दैनिक सृजन

मिशन शिक्षण संवाद

दिनांक- 15.08.2020 ~ जय हिंद ~ दिन- शनिवार

### स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

आओ प्यारे भारतवासी,
मिलकर खुशी मनाएं हम।
आजादी के परवानों की,
याद में गीत गाएं हम।।

दो सौ साल देश हमारा,
अंग्रेजों का गुलाम रहा।
बच्चों बूढ़ों और बहनों ने,
जाने कितना जुल्म सहा।।

15 अगस्त सन 1947 में,
मिली हमें आजादी थी।
इस आजादी की खातिर वीरों ने,
अपनी बलि चढ़ा दी थी।।

तनिक नहीं घबराते थे वो,
झट फांसी चढ़ जाते थे।
बलिवेदी पर चढ़ने वाले,
जय हिंद जय हिंद गाते थे।।









रचना
रंजना राजपूत (स.अ.)
प्रा. वि. ऊधौंपुर
भाग्यनगर- औरैया

शिक्षा का उत्थान, मिशन शिक्षण संवाद, शिक्षक का सम्मान।



# Mission Shikshan Samvad

## काव्यांजलि- दैनिक सृजन

दिनांक- 15.08.2020 **जश्ने आजादी** दिन- शनिवार

**स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं**

हर वर्ष 15 अगस्त को हम, आजादी का जश्न मनाते हैं।
याद करके उन वीरों को, हम नतमस्तक हो जाते हैं।।

यूरोपीय शक्ति ने 17 वींb सदी में भारत में पैर जमाने शुरू किए।
गांधी जी के असहयोग और अवज्ञा आंदोलन ने इनके सपने चकनाचूर किए।।

राजगुरु,सुखदेव,भगतसिंह हँसकर फांसी पर झूल गए।
मना जश्न फिर आजादी का हृदय में शोले उमड़ गए।।

97

देश की रक्षा को लेकर रानी ने तलवार उठाई थी।
आसान न थी आजादी लेकिन जंग में न पीठ दिखाई थी।।

आओ कलाम,प्रसाद,पटेल, बोस का सपना साकार करें।
आजादी को अक्षुण्ण बनाने मिलजुलकर हम रह बसर करें।।






शिक्षा का उत्थान, मिशन शिक्षण संवाद, शिक्षक का सम्मान।

रचना
गुलशन जहां (प्र. अ.)
प्रा. वि. कटरा मनेपुर
भाग्यनगर, औरैया



# Mission Shikshan Samvad

## काव्यांजलि- दैनिक सृजन

दिनांक- 15.08.2020    **देश के नौजवान**    दिन- शनिवार

**स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं**



जागो मेरे देश के वीर नौजवानों,
मैं तुम्हें जगाने आया हूँ।
आलस त्याग उठ जाओ प्यारे वीरों,
भारत माँ का संदेशा लाया हूँ।।



तुम्हें देश को बुलंदियों पर ले जाना है,
अपनी काबिलियत को पहचानों ।
नाम भारत का आसमां में लिखना है,
अपनी मंजिल को पहचानों।।



देखना नहीं तुम मुड़कर पीछे कभी,
जब तक दिखे ना तुझे साहिल।
अडिग हो पथ पर कर जुनून से मेहनत,
मिलेगी एक दिन तुझे मंजिल।।

तुम ठान लो तो यम का रुख भी मोड़ दो,
उठ खड़े हो, कर खुद पर विश्वास।
तेरे शौर्य के किस्से हर ओर हैं मशहूर,
ताकत और जोश से रच दो फिर से इतिहास।।



रचना- नवनीत शुक्ल (स०अ०)
प्रा० वि० भैरवां द्वितीय
क्षेत्र- हसवा, जनपद- फतेहपुर

98



# Mission Shikshan Samvad

## काव्यांजलि- दैनिक सृजन

दिनांक- 15.08.2020 **आजादी बचाने की गुहार** दिन- शनिवार

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



हर तरफ दंगे फसाद हो रहे हैं,
दंगाइयों के मंसूबे आबाद हो रहे हैं ।
कौन बचाएगा देश की आजादी को,
देश के गुलिस्तां जब बर्बाद हो रहे हैं।।

मजहबी दंगे हर ओर हो रहे हैं,
इंसान की इंसानियत के दुश्मन हो रहे हैं।
अब कौन गांधी आएंगे बचाने हमको,
जब हम सब ही उनके गुनहगार हो रहे हैं।।



सत्य और अहिंसा की ताकत हम खो रहे हैं,
शिक्षा से जरूरी अब हथियार हो रहे हैं।
अब किसको दें वतन की रखवाली का जिम्मा?
जब वतन के रखवाले ही वतन के गद्दार हो रहे हैं।।



रचना- अंजली मिश्रा(स०अ०)
प्राथमिक विद्यालय टिकरा
देवमई, फतेहपुर (उ०प्र०)

99

आओ हाथ से हाथ मिलाएं आपका दिन शुभ हो.. बेसिक शिक्षा का मान बढ़ाएं



# Mission Shikshan Samvad

## काव्यांजलि- दैनिक सृजन

दिनांक- 15.08.2020 दिन- शनिवार

# देश ये हमारा

**स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं**

तर्ज:- तुम तो ठहरे परदेसी

100



देश ये हमारा है
प्राणों से भी प्यारा है।
हम सब ने मिलकर के
इसको सँवारा है।।

जब कहीं कोई भी दुश्मन
आंख जो उठाई है।
देश के जवानों ने
दिया जवाब करारा है।।

एकता ही है ये मिसाल
संसार में दिखाई है।
हर धर्म के लोग हैं यहाँ
फिर भी भाईचारा है।।

अपने वीरों की हम
याद करें कुर्बानी।
हंसते हंसते फांसी का
फंदा गले लगाया है।।



रचनाकार-
सुधांशु श्रीवास्तव (स०अ०)
प्रा० वि० मणिपुर
ऐरायां, फतेहपुर



शिक्षा का उत्थान

# मिशन शिक्षण संवाद

शिक्षक का सम्मान

## काव्यांजलि-दैनिक सृजन

दिनाँक-

दिन-

**साभार:**

**राज कुमार शर्मा**

**नवीन पोरवाल**

## टीम काव्यांजलि सृजन